एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया 10:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 19 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 144, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हेमंत - 10



■ तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी - 10



■ एआई से घबराएं नहीं, सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें: सीजेआई -11



■ आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी - 12




## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण पर हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव केशौपुर निवासी गयाप्रसाद पुत्र ताराचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 अप्रैल की रात आठ बजे उसका पुत्र रवि कुमार कुछ ही दूरी पर दुकान पर सामान लेने गया था। तभी गांव का सोमपाल आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर पुत्र की पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### न्यूरिया क्षेत्र की युवती लापता

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना न्यूरिया क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 अप्रैल की शाम करीब चार बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री को गांव का ही संजू फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पति पर मारपीट करने का लगाया आरोप

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के बिठौराकलां की रहने वाली कुसुमा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया किउसका पति कीरत प्रसाद नशा करता है। 17 अप्रैल को नशे में घर आया और उसके साथ मारपीट की। सास जनुका देवी ने भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### तिराहा के पास अज्ञात युवक का मिला शव

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम पौटाकलां में तिराहा के पास 46 वर्षीय अज्ञात युवक का शव शनिवार दोपहर मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। इस दौरान लोगों ने बताया कि उक्त युवक मानसिक रुप से अस्वस्थ था और गलियों में घूमता फिरता रहता था। मृतक के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, जेल

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गांव मधुडांडी निवासी आकाश समेत अन्य को आरोपी बनाया गया था। आरोपी सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम मधुडांडी निवासी आकाश को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# टाइगर रिजर्व में घायल हुए बाघ की तस्वीर वायरल होने से मचा हड़कंप

## बराही रेंज में जंगल सफारी के दौरान सैलानियों ने खींची थी घायल बाघ की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज में जंगल सफारी के दौरान सैलानियों द्वारा ली गई घायल बाघ की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद टाइगर रिजर्व में हड़कंप मच गया। बाघ की गर्दन पर गहरे जख्म के निशान होने की बात कही जा रही है। हालांकि वन अफसर इसे आपसी संघर्ष का परिणाम बता रहे हैं, लेकिन क्षेत्र में हाल ही में हुई शिकारियों से मुठभेड़ की घटना ने वन्यजीव प्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार बीती 14 अप्रैल को बराही रेंज के निर्धारित सफारी रूट पर कुछ सैलानी भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें झाड़ियों के पास एक बाघ दिखाई दिया, जिसकी गर्दन पर गहरा जख्म दिखाई दे रहा था, जोकि फंदे से घायल होने जैसा लग रहा था। सैलानियों ने घायल बाघ की फोटो व वीडियो बना डाली। शनिवार को जैसे ही घायल बाघ की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, टाइगर रिजर्व प्रशासन सक्रिय हो गया। सूत्रों की मानें तो जख्म किसी फंदे में फंसने जैसा प्रतीत हो रहा है, जिससे शिकार की आशंका को बल मिल रहा है। हालांकि वन अफसरों ने फंदे की बात से इंकार किया है। इधर गौर करने वाली बात यह है कि दो दिन पूर्व ही इसी रेंज में वनकर्मियों और शिकारियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। शिकारी तो अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे, लेकिन मौके से जंगली सूअर का शव और बाइक बरामद हुई थी। इस घटना के ठीक बाद घायल बाघ का दिखना किसी अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है।



घायल बाघ की तस्वीर, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल किया।

- **शिकारियों की आहट या आपसी संघर्ष को लेकर उठे सवाल**

> घायल बाघ का मामला संज्ञान में है और उसकी लगातार निगरानी की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी संघर्ष का लग रहा है। बाघ संघर्ष के दौरान अकसर गर्दन पर हमला करते हैं। शिकार या फंदे की बात निराधार है। एहतियात के तौर पर टीमें तैनात हैं और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### निगरानी के लिए लगाए 10 कैमरा ट्रैप

इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह द्वारा मामले को गंभीरता को लेते बराही रेंज के संबंधित क्षेत्र में सघन गशत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके बाद सघन गशत शुरू कर दी गई है। बाघ की लोकेशन ट्रेस करने और उसकी सेहत पर नजर रखने के लिए संबंधित क्षेत्र में 10 कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। हालांकि, अभी तक बाघ दोबारा कैमरों में कैद नहीं हुआ है।

# ट्रांस शारदा में वाहन की टक्कर से तेंदुआ की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : ट्रांस शारदा क्षेत्र में बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुआ की मौत हो गई। सड़क पर तेंदुआ का शव पड़े होने की जानकारी लगते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची संपूर्णानगर रेंज की टीम ने तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना ट्रांस शारदा क्षेत्र में नेहरू नगर से भुरजनिया जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार रात हुई। मार्ग से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने सड़क पर एक मादा तेंदुआ का शव पड़ा देखा। तेंदुआ का शव और पास में पड़े खून को देखकर सनसनी फैल गई। जानकारी लगते ही मौके पर आसपास गांवों के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। तेंदुआ की मौत सड़क से गुजर रहे वाहन की टक्कर लगने से होने की बात सामने आई। इस बीच कुछ ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनकर्मियों को दी। सूचना के कुछ देर बाद ही संपूर्णानगर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी ललित कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल के आसपास जांच पड़ताल की। इसके बाद टीम ने तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। इस मामले में क्षेत्रीय वनाधिकारी ललित कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मादा तेंदुआ की मौत वाहन की टक्कर से होना पाया गया है। जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बता दें कि दो दिन पूर्व चंदनगर में तेंदुआ गांव निवासी विजय के घर से एक बकरी भी उठा ले गया था।



सड़क पर पड़ा तेंदुआ का शव।

## न्यूज डायरी

### नारी शक्ति-राष्ट्र की शक्ति का दिया संदेश

**पीलीभीत, अमृत विचार** : रामलुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में नारी शक्ति बंधन एवं महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा दीवार लेखन व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, सम्मान एवं समान अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य हुए कार्यक्रम में खासा उत्साह दिखा। महाविद्यालय परिसर में दीवार लेखन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रेरक संदेश लिखे। साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर छात्राओं एवं शिक्षकों ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नारी शक्ति – राष्ट्र की शक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सशक्त नारी, सशक्त समाज जैसे संदेशों के माध्यम से जागरूकता फैलायी गई। उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। संचालन डॉ. फजलुर रहमान और डॉ. बरखा ने किया।



### विद्यार्थियों ने मिस्ड कॉल कर दिया समर्थन




**पीलीभीत, अमृत विचार** : नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मिस्ड कॉल कार्यक्रम का आयोजन डिवाइन कॉलेज में किया गया। नारी सशक्तिकरण की दिशा में अधिनियम को अहम बताया गया। इसके समर्थन में ही ये विशेष मिस्ड कॉल कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थियों ने 9667173333 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर अपना समर्थन दर्ज कराया। वक्ताओं ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को लोकतंत्र में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा और समाज में समान अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्राचार्य ने अपील की कि लोग अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की इस मुहिम को मजबूत करें। निदेशिका चारु धवन और चेयरमैन आरके धवन ने बताया कि यह अभियान भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जायेगा ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक इसका संदेश पहुंच सके और अंत में आभार व्यक्त किया गया।

### नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

**पीलीभीत, अमृत विचार** : उपाधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गजेंद्र सिंह के निर्देशन में संपन्न हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर समाज में नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के महत्व पर प्रकाश डाला और मानव श्रृंखला के उद्देश्य और उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। नारी सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. दुर्गेशधर द्विवेदी, डॉ. अमित कुमार,प्रदीप शर्मा, अजय कुमार, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।



# सात करोड़ से बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पहली किस्त के रूप में मिले साढ़े तीन करोड़ रुपये, कार्य शुरू**
- **छात्र-छात्राओं को मिलेगी आधुनिक उपकरणों की जानकारी**

**अमृत विचार** : युवाओं को कौशल विकास दक्ष बनाने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक में एक्सीलेंस सेंटर बनाए जा रहे हैं। इंडस्ट्री के दौर में अब पीलीभीत के छात्रों को भी अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण मिल सकेगा। इसके लिए जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक में 7.06 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जा रहा है। जहां छात्रों को इंडस्ट्री 4.0 के तहत इलेक्ट्रिक व्हीकल और एडवांस टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहली किस्त के रूप में साढ़े तीन करोड़ का बजट आवंटित कर काम शुरु कराया जा रहा है।

शहर से सटे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना वर्ष 1989 में की गई थी। इस कॉलेज में वर्तमान में तीन ट्रेड जिसमें एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग संचालित है। इन संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं को विभिन्न कौशल में प्रशिक्षित कर उनका बेहतर भविष्य बनाने की पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य डिप्लोमा सेक्टर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उनके प्लेसमेंट को बेहतर बनाना और उन्हें स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए तैयार करना है। राजकीय पालिटेक्निक संस्थानों को सेंटर आफ एक्सीलेंस में तब्दील किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक को भी सात करोड़ स्वीकृति किए गए हैं। इसका निर्माण कार्य यूपीपीसीएल कार्यदाई संस्था को नामित किया गया है। पहली किस्त के रूप में 3.5 करोड़ रुपये जारी भी कर दिए गए हैं।

> राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में सात करोड़ से एक्सीलेंस सेंटर बनाया जा रहा है। इस सुविधा के शुरू होने से छात्र-छात्राएं आधुनिक युग में प्रशिक्षण ले सकेंगे। क्योंकि इंडस्ट्री में काफी बदलाव हो चुके हैं। नामित संस्था को साढ़े तीन करोड़ का बजट आवंटित कर दिया गया है। जल्द ही काम शुरू कर दिया गया है। – **यज्ञप्रकाश**, प्राचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज

### यह होंगी सुविधाएं

इस एक्सीलेंस सेंटर में एफएमएस लैब, ऑटो एमआरओ सेक्शन, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) के दो सेक्शन, मिलिंग मशीन, सीएनसी लैब, हाइड्रोलिक प्रेस, पेंट बूथ, एफएबी लैब, इंटीग्रेटेड रोबोटिक सेल, लेजर कटर और एआर-वीआर सेटअप जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही क्वालिटी कंट्रोल लैब, प्लंबिंग सेटअप, पीडीडी, पीवीए और पीएलएम लैब भी बनाई जाएंगी, जिससे छात्रों को डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमेशन की बेहतर समझ मिल सके।

# नारी शक्ति संगोष्ठी और रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

**बिलसंडा, अमृत विचार** : हेमपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नारी शक्ति संगोष्ठी और रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संगोष्ठी में नोडल अधिकारी अनुजा अग्रवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनयम के बारे में विस्तार से बताया। इससे महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र के सशक्त बनने का अवसर प्राप्त होने की बात कही। प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा ने छात्राओं को परिसीमन और छात्र अधिकारों की जानकारी दी। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन,मिशन शक्ति विषयों पर रंगोली बनाई। छवि,सृष्टि ,उमा,आन,मुस्कान,साक्षी,अनामिका,अंशिका ने बेहतर प्रदर्शन किया। सुरेंद्र प्रताप सिंह,अर्जुन कुमार,राजीव कुमार,अमरजीत आदि मौजूद रहे।



एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया 10:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 19 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 144, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हेमंत - 10



■ तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी - 10



■ एआई से घबराएं नहीं सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें: सीजेआई -11



■ आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी - 12




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सुनहरे अतीत की परछाई लाल इमली मिल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### अक्षय तृतीया पर आज से शुरू होगी चारधाम यात्रा

**देहरादून।** अक्षय तृतीया पर आज गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:15 बजे और यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:35 बजे खुलने के साथ इस वर्ष की उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से चारधाम जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और देशभर से आए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष बदरी-केदार धाम के मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। गंगोत्री में गैर-सनातनियों को पंचगव्य (गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी) ग्रहण करने के बाद ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति होगी। वहीं, यमुनोत्री मंदिर समिति ने 'अतिथि देवो भव:' की परंपरा के तहत श्रद्धा भाव से आने वाले सभी श्रद्धालुओं का बिना जाति-धर्म पूछे स्वागत करने का निर्णय लिया है। केदारनाथ धाम के 22 अप्रैल व बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे।

### डिजिटल अरेस्ट में बैंक अधिकारी व दो अन्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 1.6 करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट प्रकरण के सिलसिले में इंडसइंड बैंक के एक सहायक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच के तहत एजेंसी ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। आरोपियों ने एक वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट कर 1.6 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया। सीबीआई ने पाया कि बैंक अधिकारी ने एक कंपनी के नाम पर फर्जी खाता खोलने में मदद की, जिसके जरिये अपराध से प्राप्त राशि की लेनदेन की गई।

# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर गोलीबारी

## ईरान ने भारत आ रहे 14 जहाजों को होर्मुज का पार करने से रोका, समुद्री मार्ग फिर बंद | भारत ने ईरानी राजदूत को किया तलब अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप

नई दिल्ली/काहिरा, एजेंसी

होर्मुज में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुंच गई। एक ओर जहां अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलीबारी कर दी। इनमें दो भारतीय जहाज भी शामिल हैं। जिन्हें गोलीबारी की घटना के बाद वापस लौटना पड़ा।

नई दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

वहीं, एक अधिकारिक सूत्र ने बताया कि भारत आ रहे कच्चे तेल और गैस से लदे 14 जहाजों के एक काफिले को ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने होर्मुज से गुजरते समय रोक दिया और उनमें से दो जहाजों पर गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप 13 जहाज फारस की खाड़ी में अलग-अलग स्थानों पर लौट गए। होर्मुज पार करते समय भारतीय ध्वज वाले एक जहाज पर आईआरजीसी की गोलीबारी हुई, जिसमें कच्चा तेल लदा हुआ था। जहाज की एक खिड़की का शीशा टूट गया, जिसके कारण उसे यात्रा रोककर वापस लौटना पड़ा। दूसरे जहाज को कितना नुकसान हुआ, इसकी तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन वह भी वापस लौट चुका है। सूत्रों के अनुसार, हालांकि भारतीय ध्वज वाला एक अन्य जहाज जलडमरूमध्य से गुजरा और अब भारत की ओर बढ़ रहा है। इस जहाज पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए कच्चा तेल लदा हुआ है। दो ईरानी 'गनबोट' लक्षित टैंकर के पास पहुंचीं और बिना किसी चेतावनी के उस पर गोलीबारी की। 'गनबोट' ओमान से 37 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित टैंकर के पास पहुंचीं, जिसके कारण अन्य जहाजों को यात्रा पूरी किए बिना ही वापस लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि यह घटना केशम और लारक द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र में घटी। भारत आने वाले 14 जहाजों में से सात पर भारतीय ध्वज, चार पर लाइबेरिया का ध्वज, दो पर मार्शल द्वीप समूह का ध्वज और एक पर वियतनाम का ध्वज लगा हुआ है। इनमें से छह जहाजों में कच्चा तेल, तीन में एलपीजी और चार में उर्वरक लदे हुए हैं। इनमें से पांच मालवाहक जहाज हैं। सभी 14 जहाज एक कतार में थे। इनमें से 13 जहाजों को ईरानी नौसेना ने रोक लिया और उन्हें इंतजार करने का निर्देश दिया। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है।



### अमेरिका के नए प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही : ईरान

**दुबई।** ईरान ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिका की ओर से पेश किए गए नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हुए हाल में तेहरान की अपनी यात्रा के दौरान ईरान को ये प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, जिनकी समीक्षा की जा रही है। परिषद ने कहा कि ईरान ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन आगे की बातचीत के लिए अमेरिका को अत्यधिक मांगों को छोड़ना होगा और जमीनी हकीकत के अनुरूप अपने अनुरोधों को समायोजित करना होगा।

### इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर निकला था जहाज

ईरान द्वारा शुक्रवार को जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कई वाणिज्यिक जहाजों ने होर्मुज को पार करने का प्रयास किया। जहाजों की गतिविधियों पर नजर रखने वाले पोर्टल ने बताया कि ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज में दो भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इनमें भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है जो इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर जा रहा है।

### नौसेना शत्रुओं को करारी हार देने को तैयार : मोजतबा

**काहिरा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि ईरान की बहादुर नौसेना अपने दुश्मनों को करारी हार देने के लिए तैयार है। ईरानी सेना की स्थापना की वर्षगांठ के मौके पर एक संदेश में, उन्होंने युद्ध के दौरान दुश्मनों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के ड्रोन हमलों की सराहना की।

# विपक्ष ने विधेयक रोककर महिलाओं के सपने कुचले

- प्रधानमंत्री बोले- महिलाएं इस पाप के लिए उन्हे कभी माफ नहीं करेंगी, कहा- मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है। मोदी आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, टीएमसी और सपा जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। मोदी ने कहा, मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। महिलाओं ने देखा है कि विपक्षी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है। मोदी ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य किसी से कुछ भी छीने बिना महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस अपनी पिछली गलतियों को सुधारेगी, लेकिन उसने नया इतिहास रचने का मौका गंवा दिया। परिवारवाद से ग्रसित पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं, क्योंकि इससे उनकी स्वार्थी राजनीति का अंत हो सकता है।

### एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती

मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती। कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राष्ट्र निर्माण और देश में सुधार के सभी प्रयासों का हमेशा विरोध किया है।

# नोएडा हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता त्रिच्चुरापल्ली स्टेशन से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- लगातार बदल रहा था ठिकाना एक लाख का था इनाम

**अमृत विचारः** नोएडा में श्रमिक आंदोलन में हिंसक घटनाओं का मुख्या साजिशकर्ताओं में शामिल आदित्य आनंद उर्फ रस्टी को तामिलनाडु के त्रिच्चुरापल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। नोएडा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के कार्रवाई करते हुए दबोचा। आदित्य आनंद पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह हिंसा वाले दिन से ही फरार चल रहा था।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक आदित्य आनंद उर्फ रस्टी मूलतः बिहार के हाजीपुर के मढैया का रहने वाला है। वह वर्तमान में हरियाणा गुरुग्राम के सरस्वती विहार सेक्टर-28 में रहता था। पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच शुरू की गई। जिसमें सामने आया कि भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका थी। जांच में उसे पूरे घटना का साजिशकर्ता पाया गया। नोएडा के थाना फेज-2 में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग की। आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में मिली। इसके बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक आदित्य आनंद की गिरफ्तारी के श्रमिक आंदोलन में हुई हिंसा के बारे में पूछताछ की जाएगी। ताकि पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा हो सकेगा।

# रूसी तेल खरीद के लिए अमेरिका ने एक महीने की छूट बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीद की अनुमति देने वाली छूट की अवधि को एक महीने के लिए बढ़ा दी है, जबकि कुछ दिन पहले ही उसने यह विशेष राहत देने संबंधी कदम को आगे नहीं बढ़ाने की बात कही थी।

अमेरिका ने एक आदेश जारी कर प्रतिबंधों से छूट की अवधि को 17 अप्रैल या उससे पहले समुद्र में मौजूद तेल के लिए 16 मई तक बढ़ा दिया है। इससे पहले भारत को पांच मार्च से एक महीने के लिए रूसी तेल खरीदने पर प्रतिबंधों से छूट दी थी। इसके कुछ दिन बाद अन्य देशों को भी छूट दी गई थी जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई। अमेरिका द्वारा जारी सामान्य लाइसेंस ईरान, उत्तर कोरिया, क्यूबा या यूक्रेन के कुछ हिस्सों में स्थित किसी व्यक्ति, संस्था या संयुक्त उद्यम से जुड़े किसी भी लेनदेन को अधिकृत नहीं करता है।

# बिना नोटिस राहुल पर एफआईआर का आदेश देना असंगत

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित दोहरी नागरिकता मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के ओपन कोर्ट में सुनाए गए अपने आदेश को रोक दिया है।

शनिवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में कोर्ट ने कहा है कि शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता है। आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया।

# केंद्र सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) दो प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। साथ ही रेल मंत्रालय की लगभग 24,815 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी।

इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी। यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। वहीं, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली रेल की दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। दोनों परियोजनाओं के लाभों को रेखांकित करते हुए सरकार ने कहा कि ये कोयला, अनाज, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, उर्वरक, चीनी, रासायनिक लवण, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। गाजियाबाद-सीतापुर रेलखंड पर इस समय दोहरी लाइन है, जो दिल्ली-गुवाहाटी उच्च घनत्व नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

(संबंधित कारोबार पेज पर)

### कैबिनेट की बैठक में यूपी-आंध्र में 601 किमी की रेल लाइन मंजूर



- 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को होगा लाभ
- 24,815 करोड़ रुपये से पूरी की जाएंगी रेलवे की दोनों परियोजनाएं

manasi ivf

निसंतानता रोग निवारण अब आपके शहर बरेली में।

पहला परामर्श निःशुल्क

जर्मनी के K-System Benchtop Incubator से सुसज्जित

मानसी आई.वी.एफ

10,000+ सफल आई.वी.एफ उपचार
27+ वर्षों का अनुभव
अत्याधुनिक तकनीक एवं विशेषज्ञ टीम
अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध

डॉ. माला सक्सेना
Chief Medical Director
समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक।

परामर्श के लिए कॉल करें:
+91 8755552292 | 7455002852 | 7455002854

उपचार उपलब्ध:
फर्टिलिटी जांच | आईयूआई | आई.वी.एफ | आईसीएसआई | ब्लास्टोसिस्ट लैप्रोस्कोपी | हिस्टेरोस्कोपी | डोनर सेवाएं | लेजर हैचिंग

35-A-7A, रामपुर गार्डन, प्रभा थिएटर के सामने, सिविल लाइंस, बरेली



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर से पैरों में दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157 9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# धर्मांतरण रोकने को केंद्रीय कानून हो लागू, कैफे में बंद केबिन हटवाएं

## धर्मांतरण, जिहाद समेत कई बिंदुओं पर विश्व हिंदू परिषद-बजरंगदल ने किया प्रदर्शन


नकटादाना चौराहा पर प्रदर्शन करते विहिप बजरंगदल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को अपनी मांगे बताते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● जुलूस की शक्ल में पहुंचे कलेक्ट्रेट, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार** : विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित कई मांगों को लेकर ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा गया।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अंबरीश मिश्रा की अगुवाई में कार्यकर्ता जमा हुए और फिर जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। शांति एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि वर्तमान में देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली जिहादी मानसिकता वर्तमान में आंतरिक सुरक्षा एवं सदभाव के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है। कहा कि हाल ही में नासिक में टीएससी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के आसपास उजागर हुए प्रकरणों से स्पष्ट है कि लव जिहाद का जालन सुशिक्षित समाज और व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैल चुका है। कई अन्य धर्मांतरण से जुड़े मामले का भी जिक्र किया। ये भी कहा कि विभिन्न नगरों में वन भूमि, सार्वजनिक भ्श्रूमि, रेल विभाग और सेना की सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित तरीके से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती बताया। ये मांग की गई कि राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जे हटाए जाएं। लव जिहाद और धर्मांतरण को रोकने के लिए केंद्रीय कानून लागू किया जाए। कैफों में बंद केबिन हटाकर ओपन रेस्टोरेंट किया जाए। इस मौके पर जिलास मंत्री प्रवीन मोहन, जिला संयोजक बजरंग दल परविंद्र सिंह, धनपाल गंगवार, शिवम, सुनील पांडेय, दुर्गा वाहिनी संयोजिका परमजीत कौर, ललित कुमार, रुम सिंह यादव, शिव कुमार, निशा मौर्य, रजनी देवी, दीप्ति शर्मा, रत्ना शुक्ला, संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## वन टीम पर फायरिंग मामले में एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बराही रेंज में घुसे शिकारियों द्वारा वनकर्मियों पर की गई फायरिंग के मामले में अब पुलिस ने भी कार्रवाई की है। वन रक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि पूर्व में वन विभाग भी मामले में केस काट चुका है।

बता दें कि बराही रेंज के फैजुल्लागंज सेक्शन की सिमरा बीट में बुधवार रात शिकारियों ने दस्तक दी थी। क्षेत्रीय वनाधिकारी के निर्देश पर सिमरा वन चौकी पर तैनात वन दरोगा कपिल कुमार, पुष्पेंद्र, वनरक्षक अनिल कुमार ने बीट वॉचरों के साथ पहुंचकर घेराबंदी की। शिकारियों द्वारा जंगली सुअर पर हमलाकर मार दिया था। शिकारियों को पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने टीम पर फायरिंग कर दी थी और बाइक छोड़ भाग गए थे। टीम ने मौके से बरामद बाइक को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय में हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम राघवपुरी निवासी हरजिंदर सिंह पुत्र कक्का सिंह, बलजीत सिंह पुत्र रतन सिंह को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम के तहत विभागीय केस दर्ज किया था। अब वन रक्षक अनिल कुमार की ओर से दी गई तहरीर पर माधोटांडा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## रहस्यमय ढंग से युवक लापता, तलाश जारी

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ताराचंद निवासी हरनाम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 19 वर्षीय पुत्र राहुल 16 अप्रैल को अपनी स्कूल की फीस 25 हजार रुपये लेकर घर से गया था। वापस आते समय कस्बा बरखेड़ा में अपने मौसा कन्हई लाल गंगवार की दुकान पर बाइक खड़ी की और फिर रहस्यमय ढंग से गुम हो गया। काफी तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। इंस्पेक्टर प्रमेद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

## गैस सिलेंडर लेने को लाइन तोड़ने पर मारपीट, पांच लोगों का किया चालान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


गैस सिलेंडर लेने के दौरान हुई मारपीट में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

● ग्राम विशनपुर फरदिया स्थित गैस एजेंसी का मामला

**अमृत विचार** : रसोई गैस सिलेंडर को लेकर मची मारा-मारी के बीच गैस एजेंसी पर विवाद हो गया। सिलेंडर पाने के लिए कुछ लोगों ने लाइन में आगे लगने का प्रयास किया तो कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान जमकर मारपीट की गई। किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अमरिया पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पांच आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

घटना अमरिया थाना क्षेत्र की है। ग्राम रसूला फरदिया निवासी रिषभ पुत्र गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम विशनपुर फरदिया के मजरे में गैस वितरण कार्य कर रहे थे। इसी दौरान फरदिया रसूला गांव के मोहम्मद रफीक, सलीम, रईस अहमद, हनीफ , नन्हे बाबू आए। पहले से कई उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए कतार में लगे हुए थे। उक्त लोग जबरन आगे लगने लगे। विरोध करने पर लोगों से मारपीट शुरू कर दी। जब वह पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि रिषभ से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पांच आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## 65 शिकायतों में पांच का मौके पर किया निस्तारण

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जिले के समस्त तहसीलों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बीसलपुर तहसील में शिकायतें सुनी गई। इस दौरान 65 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से पांच का निस्तारण मौके पर किया। अन्य शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीएम ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण करें। एसपी, सीएमओ, एसडीएम आदि मौजूद रहे।

## बिलसंडा में कटना नदी का पुनरोद्धार कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● बीसलपुर विधायक और जिला अधिकारी ने हवन पूजन कर किया कार्य का शुभारंभ

**अमृत विचार** : शासन के निर्देश पर चल रहे कटना नदी के पुनरोद्धार कार्य की बिलसंडा क्षेत्र में भी शुरुआत हो गई। बीसलपुर विधायक एवं डीएम ने हवन पूजन का पुनरोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक, डीएम समेत अन्य अफसरों ने भी फावड़ा चलाकर भी श्रमदान किया और लोगों से भी सहयोग की अपील की।

शनिवार को बिलसंडा क्षेत्र की ग्राम पंचायत वहादिया में कटना नदी के पुनरोद्धार कार्य की शुरुआत हो गई। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा एवं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने हवन पूजन का पुनरोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि नदियां हमारी सभ्यता की जीवनरेखा हैं। डीएम ने कहा कि इस कार्य से मनरेगा और अन्य योजनाओं के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त होगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान विधायक, डीएम समेत अन्य अफसरों ने फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और लोगों ने भी श्रमदान की अपील की।

## इंजेक्शन लगने के बाद मरीज की मौत



● कस्बे के क्लीनिक पर परिजनों ने लगवाया था इंजेक्शन

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार** : एक निजी क्लीनिक पर इंजेक्शन लगवाए जाने के कुछ देर बाद ही वृद्ध की मौत हो गई। वह घर जाते वक्त ही रास्ते में बेसुध होकर गिर गए थे। पहले कार्रवाई को लेकर तैयारी चलती रही। हालांकि बाद में दूसरे दिन गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोनों पक्षों के बीच सुलह की बात कही जा रही है।


विलाप करते मृतक श्रीराम के परिवार वाले। ● अमृत विचार

घटना कस्बा बरखेड़ा की है। वार्ड नंबर एक मोहल्ला कुंदनपुर गौटिया के रहने वाले श्रीराम (55) पुत्र पोथीराम मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। शुक्रवार को उनकी तबीयत खराब हो गई।इस पर पहले परिजन ने एक झोलाछाप से दवा ली, लेकिन इसके बाद कुछ राहत नहीं मिली। जिसके बाद एक अन्य क्लीनिक पर गए और वहां पर इंजेक्शन लगवाया गया।

ये क्लीनिक भी एक झोलाछाप का ही बताया जाता है। इसके बाद परिवार वाले वृद्ध को लेकर घर जा रहे थे कि रास्ते में ही अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ी और श्रमिक श्रीराम बेसुध होकर गिर गए। आनन-फानन में परिवार वाले उन्हें सीएचसी बरखेड़ा लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। इधर, सीएचसी से मेमो के जरिए सूचना पुलिस को दी गई। शनिवार दोपहर तक मामले में कार्रवाई को लेकर शिकायत करने के कयास लगाए जाते रहे। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कराई गई है। परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा।

## शहर में आज

- परशुराम जन्मोत्सव के मौके पर गौरी शंकर मंदिर में पंचामृत स्नान, श्रृंगार व यज्ञ सुबह 10 बजे से।
- अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की ओर से बिलसंडा में शोभायात्रा शाम 05 बजे से।
- समस्त पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।
- बिलसंडा के जीवनदीप हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 11 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ में हवन सुबह 06 बजे से।
- शेरोवाली मठिया ब्रह्मदेव बाबा मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शाम 06 बजे से।

# ट्रक-ईको की टक्कर में तीन की मौत, एक युवक गंभीर

## रफ्तार का कहर : बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास हुआ सड़क हादसा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : हाईवे पर फैली अव्यवस्थाएं और वाहनों की तेज रफ्तार हादसे का सबब बन गई। बरेली हाईवे पर सवारियों से भरी ईको की ट्रक से टककर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। छह अन्य घायलों को मामूली चोट आई। सूचना मिलने पर एएसपी और सीओ ने मौका मुआयना कर जानकारी की। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है।

हादसा शुक्रवार देर रात जहानाबाद थाना क्षेत्र में हुआ। बरेली से सवारियां लेकर एक ईको पीलीभीत आ रही थी। इसमें कुल 12 लोग सवार थे। दो सवारियां नवाबगंज में उतर गई। इसके बाद हाईवे पर ललौरीखेड़ा के आगे नर्सरी के पास पहुंचते ही ईको और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको के परखच्चे उड़ गए। कुछ ही देर में राहगीर जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। छह लोगों को मामूली चोट आई थी, जबकि चार गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहां चिकित्सक ने दो लोंगों को मृत घोषित कर दिया। एक मृतक की शिनाख्त संजय कुमार (32) निवासी अंबापुर गोराई, वाराणसी और दूसरे की पहचान शहर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी रजत पटेल (24) पुत्र राजेंद्र के रूप में हुई। दो अन्य घायल मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी विक्की पुत्र राजेंद्र और जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सियाबाड़ी पट्टी निवासी अजीत पटेल (25) पुत्र लोटन सिंह को भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर अजीत पटेल को भी प्रारंभिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। परिजन उसे बरेली और फिर वहां से रेफर किए जाने पर दिल्ली ले जा रहे थे कि अजीत पटेल की भी मौत हो गई। इसी के साथ मृतकों की संख्या तीन हो गई। इसकी सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी की गई। मृतकों के परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। उधर, हादसे के बाद बरेली हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही। दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। घायलों को अस्पताल भेजने के बाद पुलिस ने वाहन को किनारे कराया और फिर आवागमन सुचारू किया जा सका।



हादसे के बाद विलाप करते मृतक अजीत के परिवार वाले। ● अमृत विचार

- एएसपी-सीओ ने पहुंचकर जुटाई जानकारी, कुछ देर रहा जाम
- प्रारंभिक इलाज के बाद घायल को किया गया रेफर



मृतक रजत



मृतक अजीत पटेल



हादसे में क्षतिग्रस्त ईको।

### गड्ढे से बचाने के चक्कर में टकराए वाहन

बरेली हाईवे पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। एक की हालत गंभीर है और छह को मामूली चोट आई। इस हादसे के पीछे एक मुख्य वजह के तौर पर हाईवे पर हादसास्थल के पास का गड्ढा बताया जा रहा है। बताते हैं कि देर रात वाहन तेज रफ्तार से थे। इसी बीच हाईवे पर गड्ढे को बचाने के चक्कर में ट्रक और ईको टकरा गए। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार गड्ढे की वजह से हादसे हो चुके हैं।

### देहरादून में नौकरी करता था रजत

मृतक रजत देहरादून में नौकरी करता था। वह शुक्रवार को वापस घर आ रहा था। उसे लेने के लिए बड़े भाई विक्की (घायल) बरेली गए थे। वहां से दोनों एक साथ ईको में सवार होकर घर आ रहे थे। जिस जगह पर रजत बैठा था, वहां पर पहले उसके भाई विक्की बैठे हुए थे। हादसे से कुछ समय पहले ही रजत ने अचानक अपने भाई से सीट बदल ली। छुट्टी पर घर आ रहे बेटे का इंतजार कर रहे परिवार को जैसे ही हादसे कीखबर मिली चीख पुकार मच गई। सभी का रोकर बुरा हाल रहा।

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। ईओ और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। – **विक्रम दहिया**, एएसपी

### मातम में बदली शादी की खुशियां, मची चीख पुकार

इस हादसे के बाद सियाबाड़ी पट्टीग गांव में लोटन सिंह के परिवार में खुशियां मातम में बदल गई। जवान बेटे अजीत की मौत के बाद सभी का रोकर बुरा हाल रहा। बताते हैं कि अभी चार दिन पहले ही अजीत की लगन हुई थी और एक मई को शादी होना थी। घर परिवार में उसकी शादी की तैयारियां चल रही थी, लेकिन अचानक हादसे में उसकी मौत ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

### एआरटीओ ने ईको मालिक और एनएचएआई के परियोजना निदेशक को लिखा पत्र

सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत के मामले में परिवहन विभाग ने भी जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की तैयारी कर ली है। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ईको मालिक बरेली के खुर्रम गौटिया के रहने वाले प्रवेंद्र पुत्र महेश चंद्र को नोटिस भेजा है। जिसमें ईको चालक के ड्राइविंग लाइसेंस का विवरण मांगा गया है। इसके अलावा एनएचएआई के परियोजना निदेशक को भी पत्र लिखा गया है। जिसमें हादसे का जिक्र करते हुए गड्ढे की समस्या का निस्तारण कराने के लिए कहा गया है।

## विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी युवक भी लापता

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : दुबई में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी और उसके बाद युवक के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। लापता युवक के पिता ने बरखेड़ा थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के ग्राम खमरिया पंडरी के निवासी शमशुल पुत्र मेंहदी हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब नौ माह पूर्व पौटाकलां गांव के एक व्यक्ति ने उनसे दो लाख रुपये लिए थे। उस वक्त ये झांसा दिया था कि वह पीड़ित के पुत्र नईम की दुबई में नौकरी लगवा देगा। रिश्तेदारों से उधार लेकर रकम दे दी गई। इसके बाद आरोपी ने पुत्र को दुबई एक कंपनी में भिजवा दिया। मगर एक माह बाद ही पुत्र को कंपनी से निकाल दिया गया। पुत्र कई दिनों तक भटकता रहा। किसी तरह मजदूरी कर खुद का गुजर बसर कर रहा था। मगर पांच माह से पुत्र से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। आरोपी के घर जाकर पुत्र के बारे में जानकारी करनी चाही तो वह टालमटोल कर रहा है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चारा काटने वाली मशीन में फंसा हाथ कटी उंगलियां

**पीलीभीत, अमृत विचार** : पूरनपुर क्षेत्र चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गजरौला खास गांव निवासी संजीव कुमार अपने घर पर पशुओं के लिए चारा काट रहा था। मशीन तेज होने के कारण संजीव का हाथ चारा काटने वाले ब्लेड के करीब पहुंच गया। उसका हाथ मशीन के अंदर फंस गया और बाएं हाथ की चार उंगलियां बुरी तरह कट गईं। युवक की चीख–पुकार सुनकर परिजनों ने उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बालक घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बरखेड़ा क्षेत्र गांव कलियापुर में शनिवार सुबह एक हादसे में 11 वर्षीय बालक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार का 11 वर्षीय पुत्र निशांत शाम को सड़क पर खेल रहा था। तभी अचानक एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बालक लहूलुहान हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दो बहनों को किया अगवा, तलाश जारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : औरैया जिले के एक व्यक्ति ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बरेली मोड़ पर स्थित एक कार्यक्रम में परिवार समेत तीन पूर्व आया था। उसके साथ उसकी दो बेटी 22 वर्षीय और 20 वर्षीय थी। साथ में उसकी पत्नी व बहु भी आयी हुई थी। आरोप है कि अगले दिन दोपहर उसकी दो बेटियों को औरैया जिले का रवि अगवा करके ले गया है। उसकी एक पुत्री आरोपी से फोन पर बात किया करती थी। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### ग्रामीण पर हमला करने की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली में दी तहरीर में ग्राम मंडरा सुमन निवासी लाल बहादुर की पत्नी प्रेमा देवी ने बताया कि आठ जनवरी की दोपहर 11 बजे उसके पति घर से चीनी लेने के लिए दुकान पर गए थे। रास्ते में भडरिया गांव के रंजीत वाल्मीकि, शिवम, संजू व एक अज्ञात साथी सुंग रोक हमला कर दिया। भीड़ जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। उनका कहना है कि शिवम और संजू ने रंजीत वाल्मीकि को उसके पति को जान से मारने की सुपारी दी थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## कार्रवाई की मांग के लिए विधायक से मिले ग्रामीण



विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद से मुलाकात करने पहुंचे मरौरी के ग्रामीण।

संवाददाता, पीलीभीत/गजरौला

- 3 मार्च को मरौरी में हुई थी घटना एक पक्ष से दर्ज है एफआईआर
- एफआईआर दर्ज न होने पर धरने की दी चेतावनी

**अमृत विचार** : मरौरी गांव में वनकर्मियों और ग्रामीणों के बीच मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वनकर्मियों की ओर से दर्ज एफआईआर की विवेचना चल रही है। वहीं, ग्रामीण वनकर्मियों पर कार्रवाई के लिए अब धरने की चेतावनी दे रहे हैं। डीएम के बाद अब ग्रामीणों ने खमरिया पुल पर पहुंचकर विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद से मुलाकात की। वनकर्मियों पर कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी दी गई।

बता दें कि 3 मार्च को न्यूरिया क्षेत्र के मरौरी गांव में वनकर्मी और ग्रामीणों के बीच मारपीट हो गई थी। इस मामले में वन दरोगा की ओर से एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी, जिसकी विवेचना चल रही है। इधर, ग्रामीणों की ओर से दी तहरीर पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसी के चलते एक दिन पूर्व ग्रामीणों ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा था। अब शनिवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण खमरिया पुल स्थित अक्रिय धाम आश्रम पर पहुंचे और बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि 3 मार्च को गांव के ही कुछ नाबालिग होलिका दहन के लिए जंगल से करीब एक किमी दूर तालाब और खड़जे के किनारे से लकड़ियां इकट्ठा कर रहे थे। उन्हें वन दरोगा सुमित कुमार और फॉरेस्ट गार्ड सचिन समेत अन्य वनकर्मी पकड़कर ले जाने लगे। जब विरोध किया तो ग्रामीणों से वनकर्मियों ने मारपीट की थी। आरोप है कि पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। 20 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। इस मौकेपर बाबूराम सागर, कुशवीर, बेनीराम, लालाराम, कालीचरन, ओमप्रकाश, नेवाराम, नंदलाल, छत्रपाल, अशोक कुमार, रूपलाल, बाबूराम, नितिन, अनिल, रघुवीर, भजनलाल, बालक राम, दिनेश आदि मौजूद रहे। इधर, विधायक का कहना है कि ग्रामीणो ने मुलाकात कर अपनी मांग रखी है। मरौरी प्रकरण मुख्यमंत्री को अवगत कराया जा चुका है। प्रमुख सचिव के भी संज्ञान में है। डीएम-एसपी से बात चल रही है।

## सड़क हादसे और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टेहरी निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने भतीजे झम्मन लाल के साथ 15 अप्रैल की रात टेहरी तिराहे पर अपने भाई की दुकान पर खड़े थे। इस बीच बीसलपुर की तरफ से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें ओमप्रकाश घायल हो गए थे। नजदीद में खड़े भतीजे झम्मनलाल ने पीछा कर बाइक सवार को पकड़ लिया। आरोप है कि इस दौरान बाइक सवार ने उनके भतीजे की पिटाई कर दी। गांव के अशोक कुमार के पुत्र अमित ने उसे बचाया। हालांकि आरोपी बाइक सवार भाग निकला। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## आग से पांच छप्पर, उपलों की बठिया और भूसे के गूगे जले

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार** : ग्राम गाजीपुर कुंडा में अचानक आग लगने से पांच छप्पर जल गए। बमुश्किल आग पर काबू किया गया। मगर, बाइक, घरेलू सामान, भूसे का गूगे, उपलो की बठिया, अनाज समेत काफी सामान जल गया। पुलिस और दमकल टीम ने हादसे को लेकर जानकारी की।

थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर कुंडा के ग्राम प्रधान नवीन कुमार यादव ने बताया कि शनिवार दोपहर के करीब एक बजे तेज हवा चल रही थी। उसी दौरान गांव के डालजीत पुत्र रामदास के घर के बाहरी हिस्से में पड़े छप्पर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग पड़ोसे के गंगाराम पुत्र रामदास, निर्मला देवी पत्नी मैकूलाल, दुर्गा प्रसाद पुत्र रामचरन, हरपाल पुत्र रामचरन के छप्पर तक पहुंच गई। उपलों की बठियों और भूसे के गूगों को भी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठने से खलबली मच गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर बमुश्किल काबू किया गया। हालांकि तब तक डालजीत के घर के दरवाजे, खिड़कियों की चौखट, दरवाजों की किवाड़े, पांच कुंतल गेहूं, कमरे में भरा भूसा आदि घरेलू सामान करीब 40 हजार रुपये का सामान जल गया। गंगाराम की झोपड़ी में खड़ी बाइक, साइकिल, बिस्तर, चारपाई, दो कुंतल गेहूं आदि जला। निर्मला देवी पत्नी मैकूलाल का भूसे का गूगा, छप्पर, उपलो का बठिया आदि में 20 हजार का नुकसान बताया। इसी तरह से दुर्गा प्रसाद के दो उपलो के बठिया, एक गूंगा भूसे का, चारपाई, बिस्तर, दो कुंतल गेहूं आदि घरेलू सामान और हरपाल ने उपलो का बठिया, चारपाई, बिस्तर, भूसा आदि करीब 40 हजार का नुकसान बताया। आग लगने की वजह पता नहीं चल सकी है।



हादसे में जलीं बाइक व अन्य सामान। ● अमृत विचार

- दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल किया आग पर काबू पुलिस ने जुटाई जानकारी

## रुपये देने से बचने को अपहरण की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूरनपुर क्षेत्र के रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर कार में जबरन बैठाया
- मौके का फायदा उठाकर आरोपी फरार, घटना का वीडियो वायरल

**अमृत विचार** : पूरनपुर में जमीन के सौदे के बीच विक्रेता के अपहरण की कोशिश की गई। शोर पर भीड़ जमा हो गई और आरोपी भाग गए। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इधर, कार में जबरन बैठाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

माधोटांडा क्षेत्र के गांव चित्तपुर निवासी रामौतार पुत्र बाबूराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पिता बाबूराम के नाम पर 11 बीघा जमीन है। जिसको खरीदने के लिए हरियाण के रोहतक क्षेत्र के बहु जमालपुर पोसट गढ़ी खेड़ी निवासी दीपक पुत्र रामजी आए थे। बातचीत के दौरान जमीन का सौदा 14.5 लाख प्रति बीघा तय हुआ था। 80 लाख 10 हजार रुपये देकर जमीन की रजिस्ट्री तहसील पूरनपुर में करा ली थी। बची हुई शेष रकम 79 लाख रुपये शनिवार को देने के लिए कहा था। शनिवार को आरोपी दीपक ने करीब डेढ़ बजे पीड़ित अपने पिता बाबूराम और भाई धर्मेंद्र व रामौतार का साला पप्पू को शेष रकम देने के लिए तहसील पूरनपुर बुलाया था। इसके बाद आरोपी ने रुपये देने के लिए स्थान बदलते हुए सोनालिका एजेंसी से पहले बुलाया और भाई धर्मेंद्र और साले पप्पू को कार में रुपये गिनने के लिए बिठा लिया। आरोप है कि आरोपी ने रुपये नहीं दिए बल्कि दोनों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। स्थिति की गंभीरता भांपते हुए दोनों युवकों ने शोर मचा दिया। इससे आसपास मौजूद लोग सतर्क हो गए। कुछ ही देर में भीड़ इकट्ठा हो गई और कार को घेरकर रोक लिया। लोगों के हस्तक्षेप से दोनों युवकों को छुड़ाया गया। हालांकि आरोपी शेष रकम दिए बैगर ही वहां से भाग गए। सूचना पर पहुंचे अन्य परिजनों ने थाने पहुंचकर अपने साथ हुई घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि पूरी वारदात का वीडियो भी सामने आया है। इसमें जबरदस्ती बैठाने का प्रयास करने की तस्वीरें कैद हैं। पूरनपुर कोतवाल पवन कुमार पांडेय ने बताया कि जमीन खरीदने बेचने का मामला था। एफआईआर दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

## गैस सिलेंडर पाने को दिनभर लगी रही कतार, कई मायूस

**घुंघचिहाई, अमृत विचार** : क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों में गुजर बसर कर रही आबादी के सामने गैस सिलेंडर की समस्या अभी भी बनी हुई है।

हालांकि धीरे-धीरे हालात सामान्य हो रहे हैं। क्षेत्र में दो गैस एजेंसियां है। एक साकार विश्वहरि गैस एजेंसी खानपुर चुकटिहाई और दूसरी कबीरपुर कसगंजा में गिरिराज कृपा गैस एजेंसी है। इन्हीं से बड़ी संख्या में उपभोक्ता रसोई गैस प्राप्त करते हैं। साकार विश्व हरि एजेंसी पर तीन-चार दिन से गैस उपलब्ध नहीं थी शनिवार को जब खेप पहुंची तो वितरण के समय से पहले ही ग्रामीण खाली सिलेंडर लेकर कतार में लग गए। वहीं अभी कबीरपुर कसगंजा स्थित एजेंसी पर गैस की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीण प्रतिदिन 10 से 15 किमी का लगाकर पहुंच रहे हैं मगर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ को तो 50 या उससे अधिक दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल सका है।



सिलेंडर पाने को लगी कतार।

## लापता ग्रामीण का खेत में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : चार दिन से लापता चल रहे ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव एक खेत में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम संग मौका मुआयना कर जानकारी की। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं था। परिजन से पहले से बीमार रहने के बारे में भी जानकारी मिली। फिलहाल पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है।

बरखेड़ा कस्के के वार्ड नंबर पांच मोहल्ला जामा मस्जिद के रहने वाले 50 वर्षीय सुखलासल पुत्र छोटेलाल शेविंग और कटिंग का कार्य करते थे। इसके साथ ही वह लोगों के घर होने वाले आयोजनों के न्यौते भी बांट दिया करते थे। उनके भाई बुद्धसेन श्रीवास्तव ने बताया कि 14 अप्रैल को सुखलाल ग्राम गंगापुरी में काम करने के लिए गए थे। इसके बाद से लापता हो गए। परिवार वालों ने उनको तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इस पर परिजन ने किसी अन्य स्थान पर काम पर जाने की बात समझ रहे थे। इसी बीच चार दिन बाद शनिवार सुबह लापता सुखलाल का शव कस्बे से करीब दो किमी दूर पिपरा खास मार्ग पर गंगापुरी गांव के नजदीक एक खेत में पड़ा मिला। शव मिलने का शोर मचते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस पहुंची और मृतक के परिवार वाले भी आ गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव पर कोई चोट का निशान नहीं थे। इधर, परिवार ने कई दिन से लापता होने की बात बताई। ऐसे में फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम के एक्सपर्ट ने घटनास्थल से सुराग जुटाने का प्रयास किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में चीखपुकार मची रही। मृतक की पत्नी धनदेवी का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के तीन पुत्री और एक पुत्र है। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक कई-कई दिनों तक काम पर चला जाया करता था। शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं है। पूर्व से बीमार भी रहा करते थे। परिवार ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। मामले की जांच करा रहे हैं।



खेत में ग्रामीण का शव मिलने के बाद लगी भीड़। ● अमृत विचार

- बरखेड़ा के गंगापुरी गांव में फील्ड यूनिट की टीम ने जुटाए साक्ष्य

## मतदाता सूची का 10 जून को होगा अंतिम प्रकाशन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

- मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में हुआ संशोधन
- सार्वजनिक अवकाशों पर भी खुले रहेंगे दफ्तर

**अमृत विचार** : राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में एक बार फिर आंशिक संशोधन किया है। अब नई समय सारणी के अनुसार जनपद में मतदाता सूची की फीडिंग और पुनरीक्षण का कार्य पूरा कर 10 जून को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। आयोग के इस निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में 10 अप्रैल को जारी अधिसूचना को संशोधित करते हुए अब 17 अप्रैल को नया कार्यक्रम जारी किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के डुप्लीकेशन की जांच और कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा डाटा एंट्री का कार्य 21 अप्रैल से शुरू होकर 28 मई तक चलेगा। इसके बाद मतदान केंद्रों और स्थलों का क्रमांकन, एसवीएन आवंटन और मतदाता सूची की डाउनलोडिंग व फोटो प्रतियों की तैयारी का कार्य 29 मई से 09 जून तक पूरा किया जाएगा। प्रक्रिया के अंत में 10 जून को निर्वाचक नामावली का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। इधर डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण अवधि के दौरान पड़ने वाले सभी सार्वजनिक अवकाशों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। चुनाव संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मॉडिफाइड साइलेंसर पर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने पर वाहन मलिक के साथ गैराज संचालक भी होंगे जिम्मेदार

**अमृत विचार** : जिले में तेज आवाज और पटाखा जैसी ध्वनि करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर पर अब परिवहन विभाग ने सख्ती करना शुरू कर दी है। एआरटीओ की ओर से आयोजित बैठक में गैराज संचालकों और सर्विस सेंटर इंचार्ज को निर्देश दिए हैं कि नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन के साथ वर्कशॉप संचालकों पर भी कार्रवाई होगी।

मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले और बिक्री करने वाले वर्कशॉप और गैराज संचालकों के साथ शनिवार को एक बैठक की गई। जिसमें एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी वाहन के साइलेंसर में परिवर्तन करना कानून अपराध है। पटाखा युक्त साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज बच्चों और बुजुर्गो और हदय रोगियों के लिए हानिकारक साबित हो रही है। वहीं सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों का ध्यान भी भंग करती है, जिससे हादसे का खतरा बढ़ जाता है। बैठक में मौजूद गैराज संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी वर्कशॉप में किसी भी दोपाहिया वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर न लगाएं। साथ ही चेतावनी दी है कि चेकिंग के दौरान ऐसे वाहन मिलने पर न सिर्फ वाहन मलिक बल्कि संबधित वर्कशॉप संचालक की जानकारी करते हुए उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जहां दो वाहनों में मॉडिफाइड साइलेसंर मिलने पर उनका चालान किया गया।



बुलेट बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर को लेकर चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह।

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

**डॉ.आर.एस.सिंह**
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

**स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ**

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए

परामर्श लें।


**चिकित्सा जानकारी**

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**

* स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
* हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
* इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
* वीर्य में शुक्राणु का कम होना
* ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
* यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
* मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

**Sexually Transmitted Bacterial Disease**
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# स्मार्ट मीटर को लेकर पूर्व सांसद का घेराव



मैगलगंज में पूर्व सांसद का घेराव करते व्यापारी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैगलगंज

* व्यापारियों एवं नागरिकों ने किया जोरदार प्रदर्शन
* पूर्व सांसद ने एसडीओ को बुलाकर दिलाया आश्वासन

**अमृत विचार :** कस्बे में शनिवार को स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज व्यापारियों और नागरिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने व्यापारियों के साथ मौके पर पहुंचे पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा नेता जुगुल किशोर का घेराव किया।

बिजली विभाग के लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर नाराज व्यापारियों समेत तमाम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर भी मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखकर लोग आक्रोशित हो उठे और उनका घेराव कर अपनी समस्याएं रखीं। लोगों का आरोप था कि बिजली विभाग बिना उपभोक्ताओं की सहमति के जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रहा है, जिससे आम जनता में भारी नाराजगी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व सांसद ने विद्युत विभाग के एसडीओ अमित कुमार और जेई राजू सागर को मौके पर बुलाया।

उन्होंने साफ कहा कि जहां पहले से पोस्टपेड मीटर लगे हैं, वहां उन्हें हटाकर स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने चाहिए। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि विभाग केवल उन्हीं स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगा रहा है, जहां पहले मीटर नहीं हैं।

उनके इस आश्वासन के बाद व्यापारियों और नागरिकों ने आंशिक सहमति जताई, जिसके बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई। इस दौरान अरविंद मिश्र गुड्डन, बिपिन बिहारी गुप्ता, संजीव गुप्ता, नरेंद्र मिश्रा, ललित गुप्ता, राममोहन गुप्ता, शिवशंकर तिवारी, शिव कुमार तिवारी, रोमी गुप्ता समेत कई व्यापारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# भूसी लदे ट्रक और अतिक्रमण बना बड़ी समस्या

## घंटों जाम में फंसे रहते हैं छात्र-राहगीर, गन्ना सीजन खत्म होने के बावजूद जाम की समस्या जस की तस

संवाददाता, निघासन

* भूसी लदे ट्रकों और अतिक्रमण से निघासन में रोज लग रहा जाम
* ऑटो-ई-रिक्शा स्टैंड की मांग, प्रशासन ने सुधार का दिया आश्वासन



– निघासन में ओवरलोड भूसी भरे ट्रक से लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गोला, मोहम्मदी, पलिया, गुलरिया और निघासन इलाके में भूसी भरे ट्रकों के कारण जाम अब आम समस्या बन गई है। खासकर निघासन कस्बे में स्थिति ज्यादा खराब है, जहां लोगों को आए दिन जाम का सामना करना पड़ता है। स्कूली छात्र-छात्राओं से लेकर आम राहगीर तक इससे परेशान हैं, लेकिन प्रशासन और पुलिस की ओर से अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

गन्ना सीजन खत्म होने के बावजूद भी जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। मुख्य चौराहे से लेकर कस्बे के अधिकांश मार्गों पर दिनभर वाहनों की भीड़ रहती है। पहले ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक सड़कों पर झूमते हुए चलते थे, वहीं अब भूसी से लदे ट्रक और अन्य भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। नगर के मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए केवल दो होमगार्ड तैनात हैं, जो व्यवस्था को नियंत्रित करने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। प्रशासन की अनदेखी के चलते व्यापारी, छात्र-छात्राएं और आम लोग लगातार असुविधा झेल रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए कई बार अधिकारियों से मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी हल नहीं निकला है। व्यापारियों ने सुझाव दिया है कि बस स्टैंड की तर्ज पर ऑटो और ई-रिक्शा के लिए अलग स्टैंड बनाया जाए, ताकि खासकर स्कूल की छुट्टी के समय ट्रैफिक सुचारु रह सके।

इसके अलावा कस्बे में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी जाम की बड़ी वजह बन रहा है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जल्द ही प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाई जाएगी।

> ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए समय समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। इसके बाद भी यदि ओवरलोड वाहन पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मदद से अभियान चलाया जाएगा।
> –**शांति भूषण पांडेय**, एआरटीओ प्रवर्तन/प्रशासन।

# गन्ने में अंकुर भेदक और चोटी भेदक कीट का हमला

संवाददाता, मूड़ा सवारान

* अप्रैल से जून में बढ़ता है प्रकोप, समय पर दवा और निगरानी जरूरी

**अमृत विचार:** क्षेत्र में गन्ने की फसल पर अंकुर बेधक और चोटी बेधक कीट का प्रकोप दिखने लगा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है, खेतों में गन्ने की पत्तियां पीली पड़कर सूखने लगी हैं। वहीं कई जगह पौधों की बढ़वार रुक गई है। किसानों का कहना है कि गन्ने की फसल में इन दिनों सूड़ी कीट फसल के तनों और पत्तियों को अंदर से नुकसान पहुंचा रहा है। कीट के चलते फसल कमजोर हो रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार अंकुर बेधक कीट का असर अप्रैल से जून के बीच अधिक रहता है। इस दौरान कीट की सूंड़ी पौधों के अंदर प्रवेश कर नीचे की ओर बढ़ती है और तने को अंदर से नुकसान पहुंचाती है। इससे प्रभावित पौधे सूखने लगते हैं और पैदावार घटने की आशंका बढ़ जाती है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि जिन पौधों में कीट का प्रकोप दिखाई दे, उन्हें तुरंत उखाड़कर खेत से बाहर कर दें, ताकि संक्रमण अन्य पौधों तक न फैल सके। इसके अलावा बुवाई के करीब 45 दिन बाद फिपरोनिल, इमिडाक्लोप्रिड जैसे कीटनाशकों का घोल सिंचाई या छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

> सर गन्ना समितियों पर किसानों को आवश्यक कीटनाशक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों को यांत्रिक व रासायनिक दोनों उपाय अपनाने के लिए कहा गया है, जिससे फसल को सुरक्षित रखा जा सके।
> –**जगपाल सिंह**, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान तेज



बैठक कर शिक्षकों से संवाद करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

* दो मई के धरने की तैयारी को लेकर शिक्षकों से किया संवाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने जनसंपर्क और सदस्यता अभियान को तेज कर दिया है। इसी क्रम में पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों से संवाद किया और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष विशाल वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। संघ की टीम ने किसान इंटर कॉलेज फरधान, किसान इंटर कॉलेज नीमगांव, जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता, आदर्श जनता इंटर कॉलेज देवकली और युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल समेत कई विद्यालयों का भ्रमण कर सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाया।

इस दौरान शिक्षकों ने संगठन के प्रति विश्वास जताया और सहयोग का भरोसा दिया। पदाधिकारियों ने 2 मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रस्तावित जनपदीय धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विशाल वर्मा, जिला मंत्री आशीष कुमार पांडे, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा व संगठन के अन्य पदाधिकारी व और शिक्षक रहे।

# महंगे कोर्स से अभिभावक परेशान

**झंडी, अमृत विचार:** तहसील निघासन के झंडी क्षेत्र में निजी स्कूलों और पुस्तक विक्रेताओं के बीच मिलीभगत से महंगे कोर्स को लेकर अभिभावक परेशान हैं। अभिभावकों ने इसकी शिकायत बीईओ से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

अभिभावकों का कहना है कि कक्षा 1 का कोर्स करीब 5000 रुपये और कक्षा 8 का कोर्स 6300 रुपये में बेचा जा रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। आरोप है कि निर्धारित दामों से अधिक कीमत वसूली जा रही है। साथ ही शिकायत सामने आई है कि पुस्तक खरीद पर पक्का बिल नहीं दिया जा रहा और अधिकतर लेनदेन नकद में कराया जा रहा है।

# गेट मीटिंग में फूटा कर्मचारियों का गुस्सा



गोला में रोडवेज डिपो पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले कर्मचारियों ने शनिवार को डिपो परिसर में गेट मीटिंग कर निगम प्रबंधन के खिलाफ रोष जताया। बैठक में लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

प्रांतीय निर्देश पर आयोजित इस गेट मीटिंग का नेतृत्व क्षेत्रीय संयोजक (संविदा) प्रमोद मीणा ने किया। अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र और मंत्री आलोक कुमार अवस्थी ने कहा कि कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन निगम प्रबंधन उन्हें नजरअंदाज कर रहा है। बैठक में राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अवैध संचालन पर रोक लगाने, डग्गामारी बंद कराने, बस अड्डों के एक किलोमीटर दायरे में निजी बसों और चार पहिया वाहनों के अवैध संचालन पर प्रतिबंध लगाने समेत कई मांगें उठाईं।

कर्मचारियों ने इलेक्ट्रिक बसों को निगम के बेड़े में शामिल करने और 24 फरवरी 2016 के शासनादेश के अनुसार 31 दिसंबर 2001 तक नियुक्त संविदा चालक-परिचालकों व दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने की मांग भी उठाई। बैठक में कमलेश वर्मा, कमलेश नेगी, जुगेंद्र सिंह, शोभित, सुमोल मुला, मोहित तिवारी, अंशिका चौधरी, अनुपम देवी, प्रियंका, सुरभि देवी और नेहा गौतम समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

विद्याफलम् परोपकाराय

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

| No. | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| | **ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL** | | |
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |
| | **INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES** | | |
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY** | | |
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| | **FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)** | | |
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| | **ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING** | | |
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM** | | |
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |
| | **FACULTY OF FORENSIC SCIENCES** | | |
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| | **FACULTY OF FINE ARTS** | | |
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# तापमान बढ़ते ही चरमराने लगी बिजली व्यवस्था

## 17 दिन में 24 ट्रांसफार्मर फुंके, 125 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जानी थी, लेकिन विभागीय तैयारी अधूरी रही

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी के साथ बिजली व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। एसी, कूलर और फ्रिज के अधिक इस्तेमाल से ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर फुंकने लगे हैं। सुबह, दोपहर और शाम को कटौती भी बढ़ गई है। बीते 17 दिनों में जिले में 24 ट्रांसफार्मर जल चुके हैं, जिनमें शहर के पांच और ग्रामीण क्षेत्र के 19 ट्रांसफार्मर शामिल हैं।

शहर में सुबह ही रोस्टर के हिसाब से बिजली कटौती की जाती है। सबसे ज्यादा दोपहर में उस समय दिक्कत होती है, जब फाल्ट होने के कारण बिजली कटौती की जाती है। भीषण तपिश और गर्मी के कारण लोग बेहाल हो जाते हैं। अभी से 40 डिग्री तापमान होने के कारण बिजली लाइन में फाल्ट के साथ ही ट्रांसफार्मर जलने लगे हैं। दरअसल, कुल 125 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जानी थी, लेकिन



तारों को गुच्छे में फाल्ट तलाशता विद्युतकर्मी।

विभागीय तैयारी अधूरी रही। कई क्षेत्रों में अब भी कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगे होने के कारण भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ओवरलोडिंग के चलते कम समय में ही ट्रांसफार्म फुंकने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इस बाबत बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह ने बताया कि जहां क्षमता वृद्धि नहीं हो सकी है, वहां योजना बनाकर ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली संकट से लोगों को राहत दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### तपिश चरम पर, 40 डिग्री पहुंचा पारा, गर्म हवा से दिक्कत

**लखीमपुर खीरी।** जिले में शनिवार को गर्मी ने अपना असर तेज कर दिया। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे शनिवार को भी लोगों का गर्मी से बुरा हाल रहा। सुबह से ही तेज धूप के साथ मौसम साफ रहा और दोपहर होते-होते तेज गर्म हवाओं के साथ गर्मी का असर और बढ़ गया। दिन के समय करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं, जिससे हालात और ज्यादा असहज हो गए। सड़कों और बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा देखने को मिला, जबकि लोग जरूरी कार्यों तक ही सीमित रहे। तेज धूप और लू जैसी परिस्थितियों के चलते बाहर निकलना मुश्किल हो गया। खुले स्थानों पर काम करने वाले मजदूर, रिक्शा चालक और राहगीर सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। लगातार चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल सकी। वहीं बिजली और पानी की बढ़ती मांग ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी। डॉक्टरों का कहना है कि के इस तरह की गर्मी में लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, सिर ढककर चलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी गई है।





शहर में भीषण तपिश के कारण कुछ इस तरह निकलीं युवतियां। ● अमृत विचार

### लू से बचाव के लिए डॉक्टरों की खास सलाह

दोपहर 12 से 4 बजे के बीच अनावश्यक बाहर निकलने से बचें। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढकें। शरीर में पानी की कमी न होने दें, दिनभर पर्याप्त पानी पीते रहें। नींबू पानी, छाछ, ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाएं। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें, गहरे रंग के कपड़ों से बचें। खाली पेट या भूखे घर से बाहर न निकलें। तेज धूप से आने के तुरंत बाद ठंडा पानी न पिएं, पहले शरीर को सामान्य होने दें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, उन्हें धूप में न जाने दें। ज्यादा पसीना, चक्कर, सिरदर्द या उल्टी जैसे लक्षण दिखें तो डॉक्टर से संपर्क करें।

### चिकित्सकों की सलाह, बरतें सावधानी

जिला अस्पताल के जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ. शिखर वाजपेयी बताते हैं कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। इसलिए इससे बचाव बहुत जरूरी है। गर्मी में रोजाना चार से पांच लीटर पानी एवं अन्य तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी न पीने से डिहाइड्रेशन, पेशाब में जलन से लेकर पथरी आदि की समस्या बन सकती है। इसके अलावा खाने में भी हरी सब्जियां का सेवन करें और तेल मसाले में पकाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### रास्ते के विवाद में परिवार पर हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव करौंहा निवासी सुषमा देवी पुत्री रामेश्वर ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही रामनिवास, विपिन, कृष्णा और रेनू रास्ते के विवाद को लेकर उसके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जब उसके माता-पिता और बहन बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा, जिससे सभी को चोटें आई हैं। साथ ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच एसआई अरुण कुमार तिवारी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बंदर ने तीन वर्षीय बच्चे को किया घायल

**बिलहरी, अमृत विचार :** बिलहरी निवासी सूरज कुमार ने बताया उनका तीन वर्षीय पुत्र अभिनयघर के बाहर खेल रहा था, जहां अचानक कई बंदर आ गए और उस पर हमला कर दिया, जिसमे वह गंभीर घायल हो गया। बच्चे के चीखने पर पास पड़ोस के लोगो ने शोर मचाया तब बंदर उसे छोड़कर भागे। परिवारवाले अभिनय को गोला सामुदायिक स्वस्थ केंद्र ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। लोग बताते है कि कई महीनों से बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। गांव मे सैंकड़ो की सख्या में बन्दर हैं, जो आये दिन खाने पीने का सामान उठा ले जाते हैं। भगाने पर हमलावर हो जाते हैं।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, सात लोग घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सोहक में भूमि विवाद अजय कुमार और प्रतीक कुमार के बीच चला आ रहा है। इसी विवाद में लेखपाल भूमि की पैमाइश के लिए गांव पहुंचा और पैमाइश शुरू करते ही दोनों पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ी कि ईंटें, लाठी डंडे चलने लगे। इससे एक पक्ष से अजय अजय कुमार, राजकुमार, रामनिवास व ओमप्रकाश व दूसरे पक्ष से अमित कुमार, शालेश व हरेंद्र कुमार चोटिल हो गए। अजय कुमार ने हरिओम, हरेंद्र कुमार, अमित कुमार, प्रतीक, अभय कुमार और प्रतीक ने राजकुमार, संजेश, अरुण कुमार, अजय कुमार व प्रकाश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण सीएचसी में कराया गया है। विवाद के चलते भूमि पैमाइश का काम भी नहीं हो सका।

# चैती मेला का समय बढ़ने से उमड़ रही भीड़

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** छोटी काशी का ऐतिहासिक चैती मेला भले ही 16 अप्रैल को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया हो, लेकिन नगर पालिका द्वारा प्रकाश, स्वच्छता और पानी छिड़काव जैसी सुविधाएं रविवार तक जारी रखने से मेले में भीड़ लगातार बढ़ रही है। इससे बिक्री अच्छी होने से दुकानदारों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं।

121 वर्षों से अधिक पुरानी परंपरा वाला यह मेला 28 मार्च से शुरू हुआ था। समापन समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला (रिंकू शुक्ला) ने मेले की अवधि तीन दिन बढ़ाने की घोषणा की, जिससे व्यापारियों को अतिरिक्त समय मिल गया है। अब भी मेले में दूर-दराज से लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन हो चुका है, लेकिन खेल-तमाशे और विभिन्न दुकानों के चलते मेला पूरी तरह से गुलजार हो रहा है।

# आठ इंस्पेक्टर समेत कई उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सेल और थानों में नई तैनाती रामपुर चौकी इंचार्ज पुलिस लाइन भेजे गए

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने जिले में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आठ इंस्पेक्टरों को पुलिस लाइन से विभिन्न पटलों पर तैनात किया है। इसके अलावा रामापुर चौकी इंचार्ज को रिवर्ट कर पुलिस लाइन और ओयल चौकी इंचार्ज को उपनिरीक्षक पद पर थाना नीमगांव भेजा है। दो दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। विभिन्न पटलों पर भेजे गए इंस्पेक्टरों में छह को पखवाड़े भर पहले एसपी ने प्रभारी निरीक्षक के पदों से हटाकर पुलिस लाइन भेजा था।

मीडिया सेल के मुताबिक इंस्पेक्टर रामखेलावन को प्रभारी मानवाधिकार प्रकोष्ठ, बृजेश द्विवेदी को प्रभारी महिला मिशन शक्ति सेल, हरिप्रकाश यादव को प्रभारी फील्ड यूनिट और इंद्रजीत सिंह को प्रभारी यूपी-112 बनाया गया है। इसी तरह विवेक उपाध्याय को प्रभारी डीसीआरबी के साथ सीसीटीएनएस सेल का अतिरिक्त प्रभार देखेंगे। इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह को प्रभारी नफीस सेल, मनबोध तिवारी को प्रभारी नारकोटिक्स सेल व मनोज कुमार को प्रभारी जनसूचना सेल के साथ चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है।

उपनिरीक्षकों में भी बदलाव करते हुए पटेल सिंह राठी को पुलिस चौकी ओयल के पद से हटाकर एसआई के पद पर थाना नीमगांव भेजा गया है, जबकि धनंजय शुक्ला को रामापुर चौकी से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। वहीं डिंपल कुमार को ओयल का नया प्रभारी और सिद्धांत पवार को रामापुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने सियासी माहौल गरमाया

# पूर्व प्रधानाचार्य का विधायक पर जेसीबी से तोड़फोड़ कराने का आरोप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो ने सियासी माहौल को गरमा दिया है। गांधी विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य और भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य विश्वनाथ सिंह ने क्षेत्रीय विधायक पर उनके निर्माणाधीन भवन पर पहुंचकर जेसीबी से कॉलम गिरवाने और नींव पाटने का आरोप लगाया है। आरोप सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है, हालांकि विधायक का पक्ष सामने नहीं आ सका है।

शनिवार को नगर की राजेंद्र नगर कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विश्वनाथ सिंह द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की गई पोस्ट में उन्होंने कहा है कि 17 अप्रैल की शाम 5.30 बजे विधायक अमन गिरि उनके निर्माणधीन साइट पर आए और जेसीबी मंगवाकर कॉलम गिरवा दिए।

उन्होंने आरोप लगाया है कि जेसीबी से खोदी गई नींव को मिट्टी से पटवा दिया। वायरल वीडियों में उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें अवगत कराया गया कि विधायक ने कहा अगर दोबारा रिंकू शुक्ला के समर्थन में कोई वक्तव्य देंगे तो इससे ज्यादा दुष्परिणाम झेलने को तैयार रहें।

उन्होंने भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित अन्य पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह मौके पर आकर स्थिति का निरीक्षण कर सकते हैं। इस संबंध में विधायक अमन गिरि से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन देर शाम तक उनसे बात नहीं हो सकी।



जेसीबी चलाकर इसी निर्माणाधीन प्लॉट पर पाट दी नींव। ● अमृत विचार



विश्वनाथ सिंह।

### कभी विधायक के खास सिपहसालार थे विश्वनाथ सिंह

स्वर्गीय विधायक अरविंद गिरि के पांच कार्यकाल तक विश्वनाथ सिंह खास सिपहसालार रहे हैं। विधायक कोई भी कार्य करने से पहले श्री सिंह को जानकारी जरूर देते थे। उनके बड़े बड़े मंचों तक का संचालन विश्वनाथ सिंह ही करते थे। स्व. विधायक अरविंद गिरि के बाद अमन गिरि के विधायक बनने के बाद दोनों लोगों में दूरियां बढ़ने लगीं। श्री सिंह ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कीं तो आपसी गुटबाजी के कारण अमन गिरि को पालिकाध्यक्ष के साथ नजदीकी पसंद नहीं है।

# आईटीआई में हाईटेक शिक्षा की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- युवाओं को मिल रही नई राह आईओटी समेत न्यू एज ट्रेडों में प्रशिक्षण शुरू

**अमृत विचार :** जिले में तकनीकी शिक्षा को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड और राज्य सरकार के बीच हुए एमओयू के तहत फेज-वन में आईटीआई लखीमपुर और आईटीआई मोहम्मदी में अत्याधुनिक कार्यशालाएं तैयार कर ली गई हैं, जहां नए जमाने के कोर्सों में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है।

इन आईटीआई संस्थानों में मैकेनिक मोटर व्हीकल, इलेक्ट्रिकल, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस जैसे न्यू एज ट्रेडों में छात्रों को आधुनिक मशीनों और उपकरणों के जरिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे युवाओं को उद्योगों की जरूरत के मुताबिक कौशल हासिल करने का अवसर मिल रहा है।

आईटीआई नोडल प्रधानाचार्य पीके शाक्यवार ने बताया कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और छात्रों के रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

युवाओं में इन कोर्सों को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में छात्र इन ट्रेडों में प्रवेश ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिले की अन्य आईटीआई को भी आधुनिक बनाने की प्रक्रिया जारी है।

फेज-टू के तहत कुंभी, निघासन, धौरहरा और चंदन चौकी में कार्यशालाओं का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। निर्माण पूरा होते ही इन संस्थानों में भी न्यू एज कोर्स शुरू कर दिए जाएंगे।

यह पहल जिले में कौशल विकास को नई दिशा देने के साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### भीम आर्मी कार्यकर्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पाण्डेयवारी निवासी परविंदर ग्राम सुखवसा गये थे। किसी बात को लेकर वहां कहासुनी सुखवसा के आकाश मिश्रा और बादल मिश्रा से हो गई। मामले में परविंदर ने पसगवां थाना में खुद को भीम आर्मी का कार्यकर्ता बताते हुए जाति सूचक गाली गलौज करने और मारपीट पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर दोनों भाइयों का कहना है कि परविंदर शराब के नशे में था और अनाप शनाप बोल रहा था इसलिए विरोध किया था।

# 63 शिकायतों में 6 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शनिवार को तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों की मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। गरीब व पीड़ितों को प्राथमिकता के आधार पर राहत दी जाए और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करने, शिकायतकर्ता से संवाद बनाए रखने और संतुष्टिपरक समाधान देने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि संबंधी मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने को कहा।

समाधान दिवस में कुल 63 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 6 का निस्तारण किया गया। शिकायतों में राजस्व विभाग की 24, पुलिस की 14, विकास की 7, आपूर्ति की 6, नगर पालिका की 5, विद्युत की 4 और कृषि विभाग की 3 शिकायतें शामिल रहीं। शेष मामले संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए सौंप दिए गए। डीएम, एसपी, सीडीओ और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 5 लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं।



तहसील सदर में शिकायतें सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

- डीएम ने दिए गुणवत्तापरक और समयबद्ध समाधान करने के सख्त निर्देश
- मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवासों की सौंपीं चाबियां

### समाधान दिवस में तीन शिकायतों का निस्तारण

**पलियाकलां।** तहसील सभागार में एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 29 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। जिनमें राजस्व विभाग के 14 और पुलिस विभाग के 7 शिकायती प्रार्थना पत्र रहे। नगर पालिका के 2, विद्युत विभाग 2, पूर्ति विभाग 2 व अन्य विभागों से संबंधित 2 प्रार्थना पत्र आए। जिनमें से राजस्व विभाग से संबंधित 3 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया, जबकि शेष 26 को जांचकर कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पलिया जितेंद्र सिंह परिहार, तहसीलदार ज्योति वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

आवश्यकता है
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220836316 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **निशान्त सिंह पुत्र हरीवान सिंह ग्राम चड़ारी थाना सिंधौली शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी.एससी. वर्ष 2017 की उपाधि वास्तव में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **सुमन देवी पुत्री सिकदार निवासी ग्राम हरिहापुर सिमरा खुदागंज जिला शाहजहांपुर।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मोहम्मद सोहैल (Mohammad Sohail) पुत्र श्री मोईन मियां था जो अब बदलकर **मोहम्मद सोहैल खान (Mohammad Sohail Khan) पुत्र श्री मोईन मियां निवासी मोहल्ला मुनीर खां तहसील व जिला पीलीभीत** हो गया है और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी की फर्म मै० इण्डियन कैमिकल्स एण्ड फर्टीलाइजर्स इंडस्ट्रीज, चकभीटारा सीतापुर रोड, शाहजहाँपुर 242001 जिसकी पंजीकरण सं०-SHA/0008382 है, यह फर्म दि. 27.12.2020 में निरन्तर सुचारू रूप में कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म में दि. 20.03.2026 को साझेदार थी अशीष गुप्ता पुत्र श्री अरविन्द कुमार गुप्ता, सेवानिवृत्त हो गये है तथा उक्त के स्थान पर नये साझेदार के रूप में थी रुद्राक्ष गुप्ता पुत्र श्री मुकेश चन्द्र गुप्ता, छोटी सब्जी मण्डी, बहादुरगंज, जिला शाहजहाँपुर को उक्त फर्म में स्वेच्छा से सम्मिलित हो रहे है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल दो साझेदार है कमश: 1. मुकेश चन्द्र गुप्ता 2. रुद्राक्ष गुमा सालेदार हैं। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के संशोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएँ मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई। **मुकेश चन्द्र गुमा (साझेदार) मै० इण्डियन कैमिकल्स एण्ड फर्टीलाइजर्स इंडस्ट्रीज, चकभीटारा मीतापुर रोड, शाहजहाँपुर 242001**

**सूचना**
मै नूरुद्दीन पुत्र कमालुदीन, निवासी- 58, पकड़िया पीलीभीत मेरे पिता दारा दी गई पंजी त वसीयत से एक घर का बैनामा प्राप्त हुआ था जिसका दिनांक 20.12.1982 को वहीं सं 1 जिल्द सं. 1155 पृष्ठ संख्या 9 से 10 पर क्रमांक 4171 उपनिबन्धक पीलीभीत सदर में रजिस्ट्रीकृत हुआ था जो कि बरेली दरवाजे से मेन बाजार जाते समय रास्ते में कहीं दिनांक 20.02.2026 को गुम हो गया है।

BIMT
BADAUN INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly)
REQUIRED
Candidates for B.Ed. Course
1- Principal/HOD 01
2- Perspectives in Education 01
3- Pedagogy Subject 03
(Math, Science, Social Science, Language)
4- Health and Physical Education 01
5- Fine Art 01
6- Performing Arts (Music/Dance) 01
Qualification/Experience as per NCTE/UGC Norms.
Submit your Resume within 07 Days in the BIMT.
Campus: Kakrala road, near Mandi Samiti, Badaun (U.P.)
E-mail: bimtbudaun@gmail.com
Contact: 9897777709, 9897777797

जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड हायर एजूकेशन
कैम्पस- देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत
आवश्यकता है
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की
- रसायन विज्ञान
- वनस्पति विज्ञान
- इतिहास
- हिन्दी

योग्यता व वेतनमान- नेट/पी.एच.डी. विश्वविद्यालय नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी फोटोयुक्त बायोडाटा व प्रमाणपत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिन की सीमा में आवेदन करें।
E-mail: jmbinstitute@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# ट्रक ड्राइवर पर एफआईआर से बैकफुट पर पुलिस

## मोतीपुर बवालः ट्रक चालक का हटाया नाम, एफआईआर में नाम-पते भी गड़बड़, पुलिस की कार्यशैली पर उठे बड़े सवाल

अमृत विचार IMPACT

- निर्दोष ट्रक चालक को राहत बाकी नामों की तस्दीक जारी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/बांकेगंज




गांव में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मोतीपुर गांव में 14 अप्रैल को हुए बवाल के बाद दर्ज की गई एफआईआर अब पुलिस के लिए ही मुसीबत बनती जा रही है। राजस्थान में ट्रक चला रहे एक ड्राइवर का नाम एफआईआर में आने का अमृत विचार में खुलासा होने के बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई है और अब सफाई देने में जुटी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि उसका नाम तस्दीक कर एफआईआर से हटाने की कार्रवाई की जा रही है। खासबात यह है कि पुलिस की तरफ से बवालियों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर में नामों और पतों को लेकर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है, जिससे पुलिस की एफआईआर की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं।

घटना के बाद पुलिस ने 73 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसी एफआईआर में एक ऐसा नाम भी शामिल हो गया, जो घटना के दिन राजस्थान के बूंदी क्षेत्र में ट्रक चला रहा था। मामला सामने आने पर पीड़ित अरविंद पुत्र माधव ने बताया कि 14 अप्रैल को उसने सुबह 9:40 बजे श्याम धर्म कांटा पर खाली ट्रक का वजन कराया और करीब सवा दो बजे लोड गाड़ी का वजन कराया था। उसने इसका वीडियो साक्ष्य भी अमृत विचार के साथ साझा किया। अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो पुलिस महकमे में खलबली मच गई।

खबर सामने आने के बाद पुलिस ने सफाई दी कि मोतीपुर गांव में अरविंद नाम के दो व्यक्ति हैं एक के पिता का नाम माधव और दूसरे का रामशंकर है। पुलिस का कहना है कि सही जानकारी न मिलने के कारण पिता के नाम में गलती हो गई और गलत व्यक्ति का नाम दर्ज हो गया। हालांकि ग्रामीणों को यह तर्क पूरी तरह स्वीकार नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि दोनों व्यक्तियों के घरों के बीच करीब 100-125 मीटर की दूरी है, ऐसे में इस तरह की चूक पुलिस की लापरवाही को दर्शाती है।

लोगों में चर्चा है कि पुलिस ने जल्दबाजी में बिना पर्याप्त जांच और वीडियो साक्ष्यों की पुष्टि किए एफआईआर दर्ज कर दी। यदि पहले साक्ष्यों के आधार पर पहचान सुनिश्चित की जाती, तो किसी निर्दोष को आरोपी नहीं बनना पड़ता।

> लोगों ने बवाल में शामिल अरविंद पुत्र रमाशंकर की जगह पर ट्रक चालक अरविंद के पिता का नाम गलत बता दिया। तस्दीक कर उसे सही कराया जा रहा है। अन्य नामों की भी तस्दीक कराई जा रही है। कार्रवाई उन्हीं के खिलाफ होगी जो बवाल में शामिल रहे हैं।
> – **अमित कुमार राय**, एएसपी पश्चिमी।




अमृत विचार में छपी खबर का पीडीएफ।

### एक आरोपी गिरफ्तार, अब तक 33 लोगों का चालान



**बांकेगंज, अमृत विचार**– अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को हुए विवाद के मामले में थाना मैलानी पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से सरकारी जीप का डंडा और हेलमेट बरामद होने का दावा किया है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्या ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी काशीराम पुत्र जीयनलाल मोतीपुर का निवासी है, जो घटना के दौरान हुए पथराव में शामिल था। पुलिस ने उसे 18 अप्रैल को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक सरकारी डंडा और एक सरकारी हेलमेट भी बरामद किया है। आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अब तक इस मामले में 33 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### एफआईआर में और भी झोल उजागर

मोतीपुर बवाल मामले में ट्रक चालक अरविंद पुत्र माधव का प्रकरण सामने आने के बाद एफआईआर की अन्य खामियां भी खुलकर सामने आने लगी हैं। जब अमृत विचार ने दर्ज नामों की पड़ताल की तो कई चौंकाने वाली विसंगतियां सामने आईं हैं। एफआईआर में 52 नंबर पर अरविंद पुत्र रामशंकर का नाम दर्ज है, लेकिन उसका पता टीकापुर लिखा गया है। जांच में पता चला कि टीकापुर में इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता, जबकि इसी नाम का व्यक्ति मोतीपुर गांव में मौजूद है, जिसके पिता का नाम रमाशंकर है। वहीं 58 नंबर पर अरविंद पुत्र छोटेलाल का नाम दर्ज है, जो वास्तव में गांव में रहता है। इस तरह एक ही नाम के कई लोगों की एंट्री और पतों में गड़बड़ी ने एफआईआर की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला उजागर होने के बाद पुलिस अब नामों और पतों की तस्दीक कराने की बात कह रही है। हालांकि इस पूरी घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

## रंग-मंथन में नन्हे मुन्हे बच्चों ने बांधा समां

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि आनंद कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों ने हास्य, श्रृंगार, करुण, वीर, भयानक, वात्सल्य और भक्ति रस पर आधारित कई प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण नृत्य, महाभारत पर आधारित नृत्य-नाटिका और वीर रस की प्रस्तुतियों ने दर्शकों में खास उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया। वहीं नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को आनंद से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जबकि यूकेजी ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह का विशेष आकर्षण रही। प्रधानाचार्य गजाला कौसर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी दक्षिणा का चयन



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गुरुनानक इंटर कॉलेज के मैदान में संचालित गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी की खिलाड़ी दक्षिणा देवी का चयन केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। एकेडमी में लगभग 100 बच्चों को नि :शुल्क हॉकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एकेडमी की सचिव तृप्ति अवस्थी ने बताया कि इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। बताया कि गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा दक्षिणा देवी का चयन केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। यह उपलब्धि जनपद के लिए गौरव का विषय है, क्योंकि लखनऊ मंडल से केवल एक ही बालिका का चयन हुआ है। तृप्ति अवस्थी ने कहा कि बच्चों को मोबाइल से निकालकर मैदान तक लाने की जो पहल की गई थी, वह अब सफल होती नजर आ रही है

### जेठ पर अश्लील गाना गाने का आरोप

**उचौलिया, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ पर उसे देखकर अश्लील गाना गाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को ने बताया कि शुक्रवार की शाम जब वह खेत से अपने घर जा रही थी तो रास्ते में साइड में खड़ा उसका जेठ हरिराम उसे देखकर अश्लील गाना गाने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ आरोपी ने मारपीट की और गाली गलौज किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी की कोशिश नाकाम पुलिस गश्त से भागे चोर

**केशवापुर, अमृत विचार** : थाना हैदराबाद की धकवा चौकी क्षेत्र के गांव शेरपुर में शुक्रवार रात चोरी की कोशिश पुलिस की सक्रियता से नाकाम हो गई। चोर घर में घुसने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन गश्त कर रही पुलिस की आहट पाकर मौके से फरार हो गए। चोर गांव निवासी गंगाराम शुक्ला के मकान को निशाना बना रहे थे। गांव के छोर पर बने इस मकान के पीछे की दीवार काटकर अंदर घुसने का प्रयास किया जा रहा था। तभी रात करीब ढाई बजे गश्त कर रही पुलिस टीम के वाहनों की आवाज सुनकर चोर घबरा गए और मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक और चौकी प्रभारी जय नारायण यादव मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया।

# फूलबेहड़ क्षेत्र में जिओ का नेटवर्क ठप मोबाइल उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

संवाददाता, फूलबेहड़



हरिमोहन कटियार।



मोहम्मद आकिब।



रवि।



राशिद।

- एक महीने से कॉलिंग-इंटरनेट प्रभावित, लोगों ने दी सिम पोर्ट कराने की चेतावनी

**अमृत विचारः** फूलबेहड़ क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की खराब स्थिति से उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। करीब एक महीने से नेटवर्क व्यवस्था चरमराई हुई है, जिससे लोगों को कॉलिंग और इंटरनेट दोनों में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नेटवर्क इतना खराब है कि न तो ठीक से फोन लग पाता है और न ही इंटरनेट काम करता है। इसका असर आम जनता के साथ-साथ व्यापारियों पर भी पड़ रहा है, जिनका कामकाज प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इलाके में जिओ के कई टावर लगे होने के बावजूद सेवा पूरी तरह फेल नजर आ रही है। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नेटवर्क व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर अपनी सिम अन्य कंपनियों में पोर्ट करा लेंगे। साथ ही संबंधित विभाग और कंपनी से मांग की गई है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान कर नेटवर्क सेवाएं सुचारू की जाएं।

हरिमोहन कटियार ने बताया कि इतने टावर होने के बावजूद नेटवर्क नहीं मिलना समझ से परे है। मोहम्मद आकिब ने बताया कि लगातार खराब नेटवर्क के चलते लोग मजबूरी में अन्य कंपनियों की ओर रुख कर रहे हैं। अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो जिओ के ग्राहक क्षेत्र में नहीं बचेंगे। रवि ने बताया कि अगर पहले पता होता कि नेटवर्क इतना खराब हो जाएगा तो रिचार्ज ही नहीं कराते, अब जल्द ही सिम पोर्ट कराएंगे। वहीं राशिद का कहना है कि नेटवर्क समस्या के कारण उनके कामकाज पर सीधा असर पड़ रहा है।

## पीड़ित परिवार से मिलेंगे राष्ट्रीय जनमत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** तहसील में राष्ट्रीय जनमत पार्टी की हुई बैठक में बांकेगंज में 14 अप्रैल के प्रकरण में पार्टी पदाधिकारियो ने पीड़ित पक्ष की हर संभव सहायता का आवाहन किया और कहा कि वहां तनाव कम होते ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं पीड़ित परिवार से मिलकर प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच किए जाने की मांग प्रशासन से करेंगे। घटना में किसी निर्दोष का उत्पीड़न न किए जाने, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये जाने और इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच किए जाने की बात कही। बैठक में राष्ट्रीय सचिव रामेंद्र कुमार, सीतापुर जिला अध्यक्ष सोना लाल, अरुण कुमार, विपिन पासी, अंतिम पासी, यज्ञ प्रकाश, सुधीर पासी, मनोज पासी, आलोक आदि मौजूद रहे।

# परशुराम जयंती आज व अक्षय तृतीया कल, सुख समृद्धि के लिए शुभ योग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** परशुराम जी का जन्मोत्सव रविवार को प्रदोषकाल में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर मनाया जाएगा। प्रदोषकाल में तृतीया तिथि के संयोग के कारण परशुराम जयंती 19 अप्रैल को ही मनाई जाएगी। वहीं, पुण्यफलदायी और पवित्र पर्व अक्षय तृतीया उदयकालीन तृतीया तिथि के अनुसार 20 अप्रैल दिन सोमवार को मनाई जाएगी।

अक्षय तृतीया का महत्व वैशाख शुक्ल तृतीया की महिमा मत्स्य, स्कंद, भविष्य और नारद पुराण सहित महाभारत जैसे ग्रंथों में वर्णित है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म अक्षय (जिसका कभी क्षय न हो) और अनंत फल देने वाले माने जाते हैं, इसलिए इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। यह तिथि सर्वसौभाग्यप्रद मानी गई है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ हुआ था। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में इसी तिथि को अवतार लिया था तथा महाभारत युद्ध का समापन भी इसी दिन हुआ था। अक्षय तृतीया के दिन किसी भी शुभ कार्य के लिए अलग से मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। विवाह, गृह प्रवेश, वस्त्र-आभूषण, भूमि, भवन या वाहन की खरीद, कृषि कार्य का आरंभ आदि इस दिन विशेष फलदायी माने जाते हैं। प्रातः स्नान, पूजन और हवन का विशेष महत्व है।



महंत प्रमोद दीक्षित।

### स्नान और पूजन की विशेष विधि

इस दिन गंगा स्नान करने से सभी तीर्थों के समान फल मिलता है। यदि संभव न हो तो गंगाजी का स्मरण कर स्नान किया जा सकता है। इसके बाद पुष्प, धूप-दीप, चंदन और अक्षत से लक्ष्मी-नारायण का पूजन व हवन करना अक्षय फलदायी माना गया है। अक्षय तृतीया के दिन जप, ध्यान, स्वाध्याय और उपवास विशेष फल प्रदान करते हैं। इस दिन जल से भरे घड़े, पंखे, छाता, जौ, गेहूं, चावल, वस्त्र, जूते-चप्पल आदि का दान करना पुण्यकारी है।

**पितृ तर्पण का महत्व :** इस दिन पितृ तर्पण करना भी अत्यंत फलदायी माना गया है। तिल और अक्षत के साथ पूर्वजों का स्मरण कर जल अर्पित किया जाता है तथा उनकी सद्गति के लिए भगवान विष्णु, ब्रह्मा और दत्तात्रेय से प्रार्थना की जाती है। इससे घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है।

# रूपनपुरवा गांव में तैनात रहा फोर्स

संवाददाता, भानपुर



गांव रूपनपुरवा में तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

- पहले दिन बोर्ड विवाद, दूसरे दिन फिर झड़प से तनाव

**अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के रूपनपुरवा गांव में बीते दो दिनों से तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को देवस्थान और डॉ. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद गुरुवार को एक बार फिर गांव में खूनी संघर्ष हो गया था। इसको लेकर गांव में उपजे तनाव को देखते हुए तीसरे दिन भी भारी पुलिस बल तैनात रहा।

गुरुवार को एक युवक तेज रफ्तार से बाइक लेकर गांव की सड़क से गुजर रहा था। इस दौरान सुनीता देवी की बेटी ने उसे धीरे चलने को कहा। आरोप है कि इसी बात पर कहासुनी शुरू हो गई और मामला इतना बढ़ गया कि विपक्षी पक्ष युवती को जबरन अपने घर ले गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलते ही सुनीता देवी अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचीं, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों ओर से लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

एक दिन पहले ही हुए बोर्ड विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति को शांति भंग की आशंका में पाबंद किया। समझौते के बाद मामला शांत कराया था। अगले ही दिन फिर से हिंसक विवाद हो गया। घटना के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है। इसको लेकर पुलिस काफी सतर्क है।

# ईसानगर क्षेत्र के खजुहा में भीषण आग से चार घर राख

- अनाज, नगदी और गृहस्थी का सामान जला, पुलिस-ग्रामीणों की मदद से आग पर पाया काबू

संवाददाता, खमरिया



आग बुझने के बाद जला सामान देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ईसानगर क्षेत्र के खजुहा गांव में लगी भीषण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर चार घर और उनमें रखी नगदी व गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

घटना शनिवार दोपहर में हुई। अचानक एक घर में लगी आग से गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते विकराल हुई आग ने एक-एक कर चार घरों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंचे ग्अरामीण जब तक आग पर काबू पाते। इससे पहले ही आग की लपटों ने रामप्यारी, कैलाश, कौशल्या और पूनम देवी के घर को अपनी चपेट में ले लिया।

अचानक लगी आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। ग्रामीण अपनी जान बचाने और आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। सबसे ज्यादा नुकसान पूनम देवी को हुआ है। उनके घर में रखा करीब 22 क्विंटल मसूर, सरसों, धान और गेहूं जलकर नष्ट हो गया। इसके अलावा भैंसा बेचकर रखे करीब 80 हजार रुपये नकद और पूरी गृहस्थी भी आग की भेंट चढ़ गई। वहीं रामप्यारी के घर से 6 हजार रुपये नकद व अनाज, जबकि कौशल्या के घर से 3 हजार रुपये नकद समेत घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। अन्य प्रभावित परिवारों का भी भारी नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही ईसानगर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से पंपसेट चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड की टीम काफी देर से मौके पर पहुंची और केवल औपचारिकता निभाकर लौट गई। घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

### स्पार्किंग से लगी आग, गृहस्थी का सामान राख

**उचौलिया, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव सोनौआ निवासी रविंद्र कुशवाहा के घर में अचानक बिजली के बोर्ड में स्पार्किंग हुई, जिससे आग लग गई। उस समय गृहस्वामी खेत में गेहूं की कटाई करने गया हुआ था। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोग घबरा गए और तुरंत आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही जंगबहादुरगंज विद्युत उपकेंद्र से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का अधिकतर सामान और बाइक जल चुकी थी। आग की चपेट में छप्पर के नीचे बंधी भैंस और पड़िया भी आ गईं, जिससे वे झुलस गईं। बाद में मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने उनका उपचार किया। घटना के बाद परिवार को भारी नुकसान हुआ है।

# वूमेन्स सोसाइटी ने बच्चों की कराई प्रतियोगिताएं



गोला में विभिन्न प्रतियोगिताओं के बच्चों के साथ सोसाइटी की पदाधिकारी।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** वूमेन्स सोसायटी ऑफ गोला ने पंजाबी कॉलोनी स्थित कस्तूरबा प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं कराकर उन्हें आवश्यक वस्तुएं उपहार स्वरूप दीं।

नगर की पंजाबी कॉलोनी स्थित कस्तूरबा प्राथमिक विद्यालय में संस्था की अध्यक्ष प्रमिला गुप्ता ने बच्चों की रीडिंग, राइटिंग, कविता, कला, लेखन, स्वयं परिचय आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं कराकर उन्हें जरूरत के अनुसार कापी, पेंसिल, स्केल, रबर वस्तुएं वितरित कर बच्चों को नाश्ता कराया। कहा कि बच्चों को प्रतियोगिताओं से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अंशु आनंद, रिचा केडिया, मीना भसीन, तान्या गिरि, आराधना गुप्ता, शीलू, ज्योति जायसवाल, शिवानी, शिवांगी सक्सेना, नीतू गुप्ता आदि मौजूद रही।

निराशा

बातचीत करने पर महिलाओं ने जताई निराशा, बोलीं-बार-बार टूट रही उम्मीदें

# महिला आरक्षण बिल गिरने के बाद आधी आबादी में मायूसी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लोकसभा में महिला आरक्षण कानून में संशोधन बिल गिर जाने के बाद जिले में महिलाओं के बीच गहरी निराशा और नाराजगी देखने को मिली। जिस फैसले से उम्मीदों को नई दिशा मिलने की आस थी, उसके अचानक थम जाने से माहौल भारी हो गया। यह घटनाक्रम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर चल रही बहस को एक बार फिर तेज कर गया है, वहीं कई सवाल भी खड़े कर गया है।

शहर और कस्बों में विभिन्न वर्गों की महिलाओं से बातचीत में सामने आया कि इस फैसले ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया है। कई महिलाओं का कहना था कि लंबे समय से वे राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की मांग कर रही हैं, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से मामला अधूरा रह जाता है। उनका मानना है कि इस तरह के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस निर्णय की जरूरत है, ताकि महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व मिल सके।

कुछ महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब देश में महिलाओं को सशक्त बनाने की बात होती है, तो ऐसे अहम विधेयक का पास न हो पाना निराशाजनक है। उनका कहना था कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार और उनकी आवाज को मजबूत करने का माध्यम है। वहीं, कुछ महिलाओं ने उम्मीद भी जताई कि यह मुद्दा यहीं खत्म नहीं होगा। उनका कहना था कि आने वाले समय में इसे फिर से उठाया जाएगा और सभी दलों को इस पर एकजुट होकर सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

हालांकि, कुल मिलाकर माहौल में मायूसी और नाराजगी का असर साफ देखने को मिला। कई महिलाओं ने कहा कि बार-बार उम्मीद जगाकर उसे अधूरा छोड़ देना ठीक नहीं है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि यह मुद्दा दोबारा कब और किस रूप में सामने आता है।



नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पास न हो पाना विपक्ष की महिला विरोधी सोच को उजागर करता है। महिलाओं के उत्थान की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले दलों का असली रूख अब साफ नजर आ रहा है। यह विधेयक महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसे रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। **–रश्मि गुप्ता**, जिला मंत्री, भाजपा।



भले ही संशोधित महिला आरक्षण अधिनियम इस बार पास नहीं हो सका, लेकिन महिलाओं के अधिकार और सम्मान के लिए हमारी लड़ाई लगातार जारी रहेगी। हमें पूरा विश्वास है कि यह सपना जल्द ही साकार होगा। इस अहम विधेयक का पास न हो पाना विपक्षी दलों की महिला विरोधी सोच को दर्शाता है, लेकिन हम अपने हक के लिए संघर्ष करते रहेंगे। **–संगीता पुरी**, जिला मंत्री, भाजपा।



महिला आरक्षण से जुड़ा संशोधन बिल का सदन में गिरना यह दर्शाता है कि सरकार इस मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं थी। इसे बिना पर्याप्त तैयारी और सहमति बनाए जल्दबाजी में सदन में पेश किया गया, जिसका परिणाम सबके सामने है। महिलाओं के अधिकारों जैसे अहम विषय पर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी साफ नजर आई है। जरूरत है कि इस मुद्दे को दिखावे के बजाय गंभीरता से लिया जाए। **–तृप्ति अवस्थी**, सपा नेता।



महिला आरक्षण बिल के विरोध से विपक्ष का असली चेहरा सामने आ गया है। महिलाओं को संसद में आरक्षण मिलता तो उनकी भागीदारी भी बढ़ती, लेकिन बिल का समर्थन न करके ऐसा लगता है कि विपक्ष महिलाओं को आगे लाना नहीं चाहता। महिला आरक्षण बिल गिरने से महिलाओं की उम्मीदें टूट गई हैं। **–डॉ. इरा श्रीवास्तव**, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद लखीमपुर।



नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास हो जाता तो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने वाला कदम होता। इस कानून के गिरने से उन महिलाओं की उम्मीद टूटी है, जो लोकसभा और राज्यसभा में बैठक जनता की आवाजा बुलंद करने का सपना संजोए थीं। विपक्ष का विरोध महिला विरोधी है। **–लक्ष्मी देवी गुप्ता**, अध्यक्ष नगर पालिका, पलिया कलां।



नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को उम्मीद थी कि महिला आरक्षण बिल संसद में पास होगा, लेकिन विपक्ष ने मिलकर महिलाओं के साथ धोखा किया है। विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाएं आगे आएं और देश का नेतृत्व करें, जबकि महिला शक्ति हर फील्ड में आगे आ चुकी है। विपक्ष के विरोध निंदनीय है। **–प्रो. सुशीला सिंह**, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, आर्य कन्या महाविद्यालय।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज प्रताड़ना की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम ढकिया नथा निवासी किरन देवी की ओर से पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें विवाहिता ने बतासया कि उसकी शादी 14 फरवरी 2018 को गजरौला क्षेत्र के ग्राम बनौसा निवासी विवेक कुमार से हुई थी। शादी में परिवार ने करीब दस लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर 10 फरवरी को पति विवेक, सास ओमवती, ससुर रामकुमार और मीना देवी ने मारपीट कर पांच वर्षीय पुत्र के साथ ससुराल से निकाल दिया। इसके बाद मायके आकर भी धमकाया। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### महिलाओं को वितरित की किट और घड़े

**बीसलपुर, अमृत विचार** : इनरव्हील क्लब की महिलाओं ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए गुलेश्वर नाथ मंदिर पर जरुरतमंद महिलाओं को मिट्टी के घड़े वितरित किए। राहगीरों को शीतल जल बांटा। अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल के नेतृत्व में महिलाएं शनिवार को मंदिर गेट पर एकत्र हुई थी। दो दर्जन से अधिक घड़े वितरित किए गए। वह एक स्माइल किट भी दी गई व स्वच्छता संबंधी सामान भी दिया गया। इस मौके पर मीनाक्षी अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, रूबल अग्रवाल आदि मौजूद रही।

# जमीन की रंजिश में किसान की गोली मारकर हत्या

## हमलावरों ने बरसाईं गोलियां, भीड़ ने घंटों नहीं उठने दिया शव

संवाददाता, बरेली/भमोरा

**अमृत विचार** : जमीनी रंजिश को लेकर भमोरा क्षेत्र में किसान की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। फायरिंग मृतक के भाई सहित दो लोग घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया और घंटों शव मौके से नहीं उठाने दिया। पुलिस ने हत्याकांड को लेकर 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हत्यारोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, भीकमपुर गांव निवासी कल्याण उर्फ कल्लू (48) सुबह खेत पर गए थे। पहले से घात लगाए हमलावरों ने कल्लू पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। सीने और पेट में गोली लगने से उनकी मौके ही पर मौत हो गई। बचाने की कोशिश में मृतक का भाई धर्मपाल हमले में घायल हो गया। किसी तरह उसने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी दी। जब तक परिवार और गांव के लोग मौके पर पहुंचे, हमलावर फरार हो चुके थे। गोलीकांड की सूचना पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा, सीओ आंवला नितिन कुमार फॉरेंसिक टीम ओर पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। लोगों ने मुश्किल से शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने दिया। फायरिंग में आरोपी पक्ष का भी एक व्यक्ति घायल है।

• **सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

> रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। दो लोगों को हिरासत में पूछताछ जारी है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
> **-अंशिका वर्मा**, एसपी दक्षिणी

### दो साल से चली आ रही थी रंजिश

परिजनों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले दो वर्षों से विवाद चल रहा था। एक वर्ष पूर्व ड्डु बाजार में मृतक के भाई धर्मपाल के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस ने उस मामले में कार्रवाई तो की, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई, जिससे आक्रोश बना हुआ था। पांच दिन पूर्व भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। इस बार भी शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया और हत्या हो गई। घटना में घायल के साथ उसका भाई नरवीर उर्फ बाबू थाने पहुंचा तो पुलिस ने उसे बैठा लिया। बाद में घायल को अस्पताल भेजा गया।

### एनसीसी कैडेट्स की हुई प्रतियोगिता, विजेता पुरस्कृत

**बीसलपुर, अमृत विचार** : जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट की विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एनसीसी की कैडेट छात्राओं ने ड्रिल, आत्मरक्षा तकनीक का प्रदर्शन किया। सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में नैना प्रथम, तनु द्वितीय और देवयंती तृतीय रही। खो खो प्रतियोगिता में नैना की टीम प्रथम, उपासना की टीम द्वितीय रही। कविता पाठ में प्रथम स्थान पर दिव्यांशी द्वितीय स्थान पर पूजा और तृतीय स्थान पर रजनी रही। विजेताओं को प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने पुरस्कृत किया। व्यायाम शिक्षक अरुण चंद्रा का सहयोग रहा। इस मौके पर तेज प्रकाश, रश्मि तिवारी, शिल्पा वर्मा, भुवनेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सोमनाथ जाने के लिए 10 यात्री रवाना

**पीलीभीत, अमृत विचार** : गुजरात के सोमनाथ जाने के लिए जनपद से 10 यात्रियों का दल शनिवार को रवाना हो गया। विकास भवन परिसर से सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने हरी झंडी दिखाकर यात्रियों के वाहनों को रवाना किया। यह सभी यात्री रविवार को लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ के लिए रवाना किए जाएंगे।

मरौरी ब्लाक की ग्राम पंचायत मुडेलाकलां की प्रीति देवी, जैतपुर की मनोज कुमारी, अजीतपुर पटपुरा की गुड्डी देवी, सरायपुर सुंदरपुर की आशा देवी, कंजा हरैया की पूजा सरकार व काजोल मित्रा, शहर निवासी रमेश चंद्र, शिवनगर कॉलोनी निवासी अरुण शर्मा, शहर निवासी आंनद मोर्या और पंकज मौर्या का चयन किया गया। इधर शनिवार को विकास भवन परिसर से सभी चयनित 10 यात्री लखनऊ रवाना हो गए। सीडीओ ने बताया कि 21 अप्रैल को सभी तीर्थयात्री सोमनाथ गुजरात पहुंचेंगे।

### बच्चों ने बनाए बर्थ-डे कार्ड, दिखाई प्रतिभा



बेनहर सकूल में बनाए गए कार्ड दिखाते बच्चे। • अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार**: बेनहर पब्लिक स्कूल, बेनहर गुरुकुल में शनिवार को बर्थडे कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की रूपरेखा एक्टिविटी इंचार्जेस रोशनी बग्गा और गुरसेवक सिंह ने बनाई।

प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे, आकर्षक और मासूमियत से भरे बर्थडे कार्ड बनाकर सभी का मन मोह लिया। उनके काड्र्स में कार्टून चित्र, फूल पत्तियां और सरल शुभकामनाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बड़े विद्यार्थियों ने अपनी परिपक्व सोच और रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर डिजाइन, अनोखे पैटर्न और भावपूर्ण संदेशों के साथ बेहतरीन कार्ड तैयार किए। संस्थापिका रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी और डॉ. निर्मल कौर ने बच्चों की प्रशंसा की। निर्णायक मंडल में हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा, नेहा पांडेय, रचना वाधवा, पल्लवी पांडे, ऐकडेमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित रही। बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

### शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**पीलीभीत, अमृत विचार** : चौधरी निहाल सिंह कृषि (पीजी) कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रम बीएससी (ऑनर्स) कृषि का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया।

इसमें बीएससी (ऑनर्स) कृषि प्रथम (भूतपूर्व), तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय परिसर में इसे लेकर खुशी का माहौल रहा। कॉलेज/सरकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड पीलीभीत के अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह, प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, चीफ प्रॉक्टर आदेश कुमार यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्र/छात्राओं की मेहनत एवं शिक्षकों के अच्छे मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कृषि विभागाध्यक्ष कुलदीप कुमार, रमेश गंगवार, डॉ. मनोज कुमार पालीवाल, अनुराग शर्मा, दीपक गंगवार, सत्यपाल दिवाकर, आमिर अली, मदनलाल, उषा दीक्षित, आरती सागर, चंदन रस्तोगी, आदित्य प्रभाकर आदि ने भी हर्ष जताया।

## पदयात्रा निकाल कर नारी शक्ति वंदन का संदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं एवं छात्राओं ने पदयात्रा रैली निकालकर नारी शक्ति वंदन का संदेश दिया। पदयात्री रैली के समापन पर गांधी सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षिकाओं समेत अन्य महिलाओं ने विचार रखे और नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव पारित न होने पर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर एवं ज्ञापन सौंपकर अधिनियम को सशक्त बनाने एवं लागू करने का आहवान किया।

कलेक्ट्रेट परिसर में नारी शक्ति वंदन के अभियान के अंतर्गत शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा की शिक्षिकाएं, आशा वर्कर, छात्राओं समेत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं इकट्ठा हुई और जनमानस को जागरुक करने के लिए पदयात्रा रैली निकाली। इस रैली को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा रैली टनकपुर रोड होते हुए गांधी सभागार में पहुंची। यहां डीएम की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की पूजा रानी, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की गुंजन पांडेय, अनीताराज समेत अन्य शिक्षिकाओं ने नारी शक्ति वंदन से संबंधित विषय पर विचार रखे। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव पारित न होने पर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर एवं ज्ञापन देकर अधिनियम को सशक्त बनाने एवं लागू करने की मांग की गई। डीएम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने पर बल दिया। सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने नारी शक्ति को आर्थिक क्षेत्र में बढ़ावा देकर उन्हें मजबूत महिला के रूप में उभरकर कार्य करने के लिए जागरूक किया। एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, बीएसए रोशनी सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह, डीडीओ संजय कुमार, डीआईओएस राजीव कुमार समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पदयात्रा में शामिल डीएम, एडीएम, बीएसए समेत अन्य अधिकारी।

• **गांधी सभागार में हुई गोष्ठी में रखे विचार**

## भिकारीपुर और जादौपुर पट्टी में गेहूं के खेत में आग

संवाददाता, अमरिया/दियोरियाकलां

**अमृत विचार** : बीती रात चली तेज हवा के बीच गेहूं के खेतों में आग लग गई। अमरिया और दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में लगी भीषण आग में कई बीघा गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा। दोनों स्थानों पर दमकल टीम ने आग पर काबू किया।

भिकारीपुर गांव में शुक्रवार देर रात गेहूं के खेतों में भीषण आग लग गई। करीब 100 बीघा खेत में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचने की बात कही गई। खेतों में रखा बांस भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया। बताते हैं कि देर रात एक खेत से शुरू हुई आग देखते ही देखते तेज हवा के चलते कई खेतों तक पहुंच गई। आग की लपटें उठी तो लोग जमा हुए। इसकी सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तहसील से भी टीम पहुंची और हादसे के बारे में जानकारी की। हालांकि आग लगने का कारण नहीं पता चल सका। इधर, दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जादौपुर पट्टी में गेंहू के खेत में आग लग गई। दमकल टीम ने आग पर काबू किया। हालांकि तब तक बादशाह, उजागर लाल, सुम्मेर लाल की करीब 10 बीघा फसल को नुकसान हो चुका था। हल्का लेखपाल सुल्तान बेग ने मौका मुआयना कर नुकसान का आकलन किया।



खेतों से उठतीं आग की लपटें।

## न्यूज डायरी

### बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला



**बिलसंडा, अमृत विचार** : ब्लॉक कार्यालय स्थित अटल सभागार में शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने कार्यकर्ताओं संग डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विधायक ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि सबको समान अधिकार, शिक्षा, न्याय दिलाने के लिए संविधान की रचना की गई। हम सब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आभारी रहेंगे। सामाजिक न्याय न्याय प्रति उनकी सोच हम सबको आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रेनूराज, मनोज गुप्ता, रामेंद्र गोस्वामी, अंकित जायसवाल, अरविंद शुक्ला, रानी वर्मा, नरेंद्र गंगवार, विक्रम गंगवार, सियाराम, गब्बर, जसपाल सिंह, सत्यपाल आदि मौजूद रहे।

### नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...



**पीलीभीत, अमृत विचार** : शहर के शेरों वाली मठिया के समीप ब्रह्मदेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन बधाई उत्सव मनाया गया। सुन्दर भजन गाए गए। बधाई लुटाई गई। कथा में ध्रुव, प्रहलाद, भगवान श्रीराम, श्री कृष्ण भगवान का जन्म लीला का मंचन किया गया। वृंदावन से आए बृजवासी व्यासजी श्रीगोकुल ठाकुर महाराज के मुखारविंद से चरित्र को भक्तों ने सुना। संतो के भक्त चरित्र को भी सुना गया कि कैसे संतो को भगवान से प्रेम हुआ। उसके बाद बधाई उत्सव हुआ, जिसमें भक्तों को प्रसाद रूपी खिलोने, टॉफी, बिस्कुट, चॉकलेट आदि लुटाई गई। राधा रानी के जयकारों से पंडाल गूंज उठा।

### तेरी आंखों का यूं काजल की प्रस्तुति पर झूमे दर्शक



**पीलीभीत, अमृत विचार** : स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का 26वां वार्षिकोत्सव उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक रंगों के साथ भव्य रूप से मनाया गया। अध्यक्षता सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने की। संस्थान की डायरेक्ट्रेस सरोज जगोता, निदेशक डॉ. हेमंत जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सीबी मिश्रा, डॉ. अनुरिता सक्सेना, मधु कुमार, डॉ. ममता सक्सेना, डॉ. पीएन सक्सेना, लक्ष्मीकांत शर्मा, नरेश कुमार, कपिश अग्रवाल, डॉ. अनुज अग्रवाल, विशाल, श्रवण, संजीव, चंद्रशेखर बहरी, अजय सब्बरवाल, डॉ. रापियाल आदि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन करके की गई। निकिता, गौरीशा, अनीशा, स्नेहा, इस्मिता, सोनी वर्मा और ज्योति वर्मा ने गणेश स्तुति की प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ. इलियास अहमद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षिक उपलब्धियों, अनुशासन और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। पूरा लंदन ठुमकदा... तेरी आंखों का यूं काजल...आदि गीतों की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। अंत में डॉ. अतुल मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

### इथेनॉल प्लांट लगाने और मशीनरी नवीनीकरण पर चर्चा



**बीसलपुर, अमृत विचार** : किसान सहकारी चीनी मिल प्रबंध समिति की बैठक शनिवार को हुई। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा और डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान चीनी मिल को घाटे से उभारने के लिए मिल में विसलरी इथेनॉल प्लांट लगाने और मशीनों का नवीनीकरण करने पर विचार विमर्श किया गया। मिल के अतिथि गृह में हुई बैठक में अभी तक चीनी मिल में किए गए कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। आगामी पिराई सत्र गन्ना विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। मिल के उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने चीनी मिल को घाटे से बाहर निकालने के लिए चीनी मिल की मशीनरी का नवीनीकरण और इथेनॉल प्लांट लगाने पर जोर दिया। बैठक में संचालक महिपाल सिंह, दयालु देवी, मनमोहन सिंह, राकेश मित्तल, रवि चौधरी, चीफ इंजीनियर अतुल वर्मा, चीफ केमिस्ट दिलीप कुमार, प्रधान प्रबंधक आरके जैन, मुख्य गन्ना अधिकारी अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## ग्रैंड पेरेंट्स डे पर दादा-दादी नानी-नानी ने किया धमाल



लिटिल एंजेल्स में हुए कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए विजेता। • अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : लिटिल एंजेल्स स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मल्होत्रा, कार्डिनेटर पल्लवी गुप्ता, प्रिया जैन ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कराई।

कार्यक्रम में दादा-दादी, नाना- नानी के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा केजी से 4 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। प्रतियोगिताओं में धार्मिक व पौराणिक कथाओं से जुड़े प्रश्न उत्तर, कला व हाउजी आदि रहे। जिनमें सभी दादा-दादी नाना-नानियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व उपहार जीते। म्यूजिकल चेयर का सभी ने आनंद उठाया। ग्रेंड पेरेंट खुशवंत कौर ने विचार व्यक्त किए, ऊषा सेठ ने कविता का पाठ किया। हेडमिस्ट्रेस ने कहा कि दादा-दादी व नाना नानी सभी बच्चों के लिए किसी खजाने के जैसे हैं जो अपने बच्चों को अच्छे संस्कारों से सिंचित करते रहते हैं। विजेता और उपविजेता सम्मानित किए गए। संचालन खुशबू श्रीवास्तव, शिल्पा शर्मा ने किया। इस मौके पर अनामिका चौधरी, सोम्या सक्सेना, जावेद हुसैन, कान्ड्रेड जूलियन, असद जका, दीपिका, अलका, प्रज्ञा, डोली, पूजा, रूपाली, नसीब, नीरा, तैयबा, चारू, रचना, रेनू, साक्षी, शीना, रूचि, छवि, कल्पना आदि मौजूद रहे।

• **लिटिल एंजेल्स स्कूल में हुआ आयोजन, विजेता सम्मानित**

## 10वीं के मेधावियों को किया सम्मानित



सम्मानित किए गए छात्र छात्राएं व मौजूद शिक्षक। • अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में 10वीं क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गौरवान्वित किया। शनिवार को इसे लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा, उप-प्रधानाचार्य डॉ. आरिज अल्वी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उत्साहवर्धन करते हुए अभिभावकों को भी उनके अथक प्रयासों के लिए सम्मानित किया। मेधावियों में आरुष भारती, अभिनव शर्मा, आयुष शर्मा, मोहम्मद उजैर, मनन्या पांडेय, आस्था राजपूत, अर्चित, रोबेंद्र, वंशिका, जमान आदि रहे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 3730 / 453सी0(ई0टेण्डर)–3 / 26 दिनांक: 13.03.2026

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1–महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से स्वीकृत प्रतिशत दरों पर ई–निविदा दिनांक 20.04.2026 से दिनाक 25.04.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में) | योग 4+5 | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025–26 मे जनपद बरेली में गैंनी से नौगवा ब्रहम्नान मार्ग में नव निर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,बरेली | 256.37 | 19.22 | 275.59 | 15.78 | 6 माह | 2725.00 | ए, मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 250079 दिनांक: 17/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 3720 / 413सी0(ई0टेण्डर)–3 / 2025–26 दिनांक 13.04.2026

अल्पकालीन ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दरों पर स्वीकृति की प्रत्याशा में ई–निविदा दिनांक 21.04.2026 से दिनांक 28.04.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 28.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य व योजना का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | वित्तीय वर्ष 2025–26 में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अन्तर्गत | | | | | | |
| 1 | जनपद बरेली में हार्टमेन उपरिगामी सेतु मार्ग पर एप्रोच की मरम्मत का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 56.70 | 4.84 | 02 माह | 2725.00 | ए, बी, सी (मार्ग कार्य) |
| 2 | जनपद बरेली में कुदेशिया उपरिगामी सेतु मार्ग एवं सर्विस लेन की मरम्मत का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 57.70 | 4.89 | 02 माह | 2725.00 | ए, बी, सी (मार्ग कार्य) |
| 3 | जनपद बरेली में धोपेशवर नाथ मंदिर वाया युगविना लाइब्रेरी से बदायूँ रोड, बदायूँ रोड से स्टेशन रोड पुलिस चौकी तक मार्ग पर स्थित फुटपाथ पर पेवर टाईल्स लगाने का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 68.20 | 5.41 | 03 माह | 2725.00 | ए, बी, सी (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 250015 दिनांक: 17/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली



**कार्यालय एस.आर.एम. इण्टर कॉलेज, बीसलपुर जिला पीलीभीत**

पत्रांक: प्रा.अलंकार/01–03/2026–27 दिनांक: 13.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदार/इच्छुक कम्पनियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत एस.आर.एम. इण्टर कॉलेज बीसलपुर में जीर्णोद्धार एवं मरम्मत एवं पुनः निर्माण इत्यादि कार्य प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत स्वीकृत/प्राप्त धनराशि से कराया जाना है, जिसकी निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है, जो भारत सरकार की वेबसाइट Government e Marketplace (GeM) पर उपलब्ध है। स्वीकृत निर्माण कार्य उक्त कॉलेज में किया जाना है इसलिए निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा डालने से पूर्व स्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें और ई–निविदा में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन को देखने के लिए उक्त वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन करते रहे। विवरण निम्नांकित है:–

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित/अपलोड करने की तिथि | 14.04.2026 | अपराहन् 12:00 बजे से |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | 14.04.2026 | अपराहन् 12:30 बजे से |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 24.04.2026 | अपराहन् 01:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | 24.04.2026 | अपराहन 01:30 बजे से |

**प्रधानाचार्य**
**एस.आर.एम. इण्टर कॉलेज**
**बीसलपुर**

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड–1 लो.नि.वि.**
**पीलीभीत**



पिया बाज प्याला पिया जाए ना
पिया बाज यक तिल जिया जाए ना

कुली कुतुब शाह कहते हैं, ईश्वर के बिना जीवन का आनंद नहीं लिया जा सकता। इसी तरह प्रियतम के बिना भी एक पल भी जीना मुश्किल है।

# जीवन की सांध्य बेला में निराश हैं वृद्ध माता-पिता

> मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरद: शतं' -100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है।

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आंखें छलछला जाती हैं। ताजी घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए।

बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न ही उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए, किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना भी आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्ध की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।

वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है, लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुःख साझे रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं, लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त है। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाए कुचालक हो रही हैं।

सभी प्राणी काल के भीतर हैं। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरीपूरी तरुणाई आती है। तरुणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए हैं-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी बाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रुक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कांति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौंदर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है।'

आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है, लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवंत अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है।

माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्संबंध एकात्म हैं। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उंडेलने वाले शक्ति केंद्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। माता-पिता के प्रति हमारा सम्मान अतर्क्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें।

ऋग्वेद (10.22.3) में इंद्र से कहते हैं 'जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है, आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम्।' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इंद्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरें तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इंद्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें- प्रमतिपितेव। इंद्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है, लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, 'हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।' सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है, लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है।

माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं सिखाते हैं। वे स्वयं की चिंता नहीं करते, अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरुण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरुणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, 'हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे'। बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं?

अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा भोजन मिलता है, लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है, लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समाज के कटघरे में खड़ी आजाद स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है, किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। भारत में आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।



कृति जैन
लेखिका

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार शहरी भारत में अविवाहित महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त नहीं हो सकी है। स्वतंत्र व आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है व स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

> अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं।

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य शुरू होता है, वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्योहार हर वर्ष बैसाख माह में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं, क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व बसंत व ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है, जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है, क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था, इसीलिए इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाए थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था, जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग, जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है, वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है, कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में बैसाख के बसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं, जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला, इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# रैंकिंग में भारत के फिसलने के मायने

> भारत का छठे स्थान पर जाना एक झटका जरूर है, लेकिन इसे संकट के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। यह एक चेतावनी भी है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल तेजी से बढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मुद्रा स्थिरता और सटीक आंकड़ों की भी उतनी ही अहम भूमिका है।

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हाल में आई एक खबर ने बहस छेड़ दी है-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रैंकिंग में भारत छठे स्थान पर खिसक गया है। यह वही भारत है, जिसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सच में भारत कमजोर हो रहा है या यह केवल आंकड़ों का खेल है?

आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2025-26 के अनुमानों में भारत की जीडीपी लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने की संभावना है, जबकि ब्रिटेन 4.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ एक पायदान ऊपर पहुंच गया है। इससे भारत छठे स्थान पर चला गया। अमेरिका और चीन पहले दो स्थानों पर बने हुए हैं, जबकि जर्मनी, जापान और ब्रिटेन भारत से आगे हैं। पहली नजर में यह गिरावट चिंता पैदा करती है, लेकिन गहराई से देखने पर तस्वीर कुछ अलग नजर आती है। यह बदलाव विकास दर में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि गणना के तरीके और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से जुड़ा है।

जीडीपी की वैश्विक तुलना अमेरिकी डॉलर में होती है। यही वह बिंदु है, जहां भारत को झटका लगा। पिछले एक साल में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है- 93 के पार पहुंचना इसका संकेत है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

इसे सरल भाषा में समझें। मान लीजिए भारत में उत्पादन और आय बढ़ रही है, लेकिन रुपया कमजोर हो रहा है। ऐसे में जब उसी उत्पादन को डॉलर में बदला जाएगा, तो उसकी वैल्यू कम दिखाई देगी। यानी असल में अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तुलना में वह छोटी दिखने लगती है। यही कारण है कि भारत की जीडीपी डॉलर में कम आंकी गई और रैंकिंग नीचे खिसक गई।

भारत सरकार ने हाल ही में जीडीपी मापने के लिए बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। यह एक तकनीकी, लेकिन बेहद अहम बदलाव है। बेस ईयर बदलने का मतलब है कि अब अर्थव्यवस्था को नए डेटा और नए मानकों के आधार पर मापा जा रहा है। इससे आंकड़े ज्यादा सटीक होते हैं, लेकिन जब पुराने वर्षों की जीडीपी को नए तरीके से दोबारा कैलकुलेट किया गया, तो कुछ सेक्टरों में अनुमान कम हो गए। इस बदलाव से नॉमिनल जीडीपी में करीब दो से चार प्रतिशत तक की कमी दिखी।

यहां सबसे दिलचस्प पहलू सामने आता है। एक तरफ भारत 6.5% की दर से बढ़ रहा है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है। दूसरी तरफ उसकी रैंकिंग गिर रही है। विकास दर और कुल जीडीपी का आकार दो अलग चीजें हैं। विकास दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है, जबकि जीडीपी का आकार दर्शाता है कि कुल अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। भारत तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी अमेरिका, चीन, जर्मनी जैसे देशों की तुलना में उसका कुल आकार छोटा है। ऐसे में यदि मुद्रा कमजोर हो जाए या आंकड़ों में बदलाव हो जाए, तो रैंकिंग प्रभावित होना स्वाभाविक है।

ब्रिटेन ने इस बार भारत को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं-पहला, ब्रिटेन की मुद्रा अपेक्षाकृत स्थिर रही; दूसरा, वहां के आर्थिक आंकड़ों में ऐसा कोई बड़ा संशोधन नहीं हुआ जैसा भारत में हुआ। यानी जहां भारत को रुपये की कमजोरी और बेस ईयर बदलाव का दोहरा झटका लगा, वहीं ब्रिटेन अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट स्थायी नहीं है। इसके पीछे कोई बुनियादी आर्थिक कमजोरी नहीं है। भारत की खपत, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मजबूत स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी घरेलू मांग है। इसके अलावा सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार बनी रही, तो भारत 2027-28 तक फिर से चौथे स्थान पर पहुंच सकता है।

भारत के सामने अब दो बड़ी चुनौतियां हैं- मुद्रा को स्थिर रखना और आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखना। रुपये की स्थिरता के लिए मजबूत निर्यात, विदेशी निवेश और वित्तीय अनुशासन जरूरी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचाने वाली बातों को भूलना श्रेयस्कर

कभी-कभी जीवन में ऐसी घटना हो जाती है कि उससे इंसान स्थायी रूप से क्रोधी हो जाता है। जब कभी उस घटना की याद आती है, तो क्रोध का पारा सातवें आसमान पर चढ़ जाता है। ऐसी ही घटना भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के साथ हो गया था। थे तो वे ऋषि, जिसका काम ज्ञान देना था, लेकिन परशुराम के साथ राजा सहस्त्रार्जुन से युद्ध की कथा भी महाभारत ग्रंथ में उल्लिखित है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सहस्त्रार्जुन राजा होकर अपने दायित्व से च्युत हो जाता है। ज्ञान के भंडार परशुराम के पिता जमदग्नि की हत्या तथा उनके आश्रम के पेड़ पर्यावरण संरक्षण पद्धति को नष्ट करता है। पेड़-पौधों को उजाड़ देने पर परशुराम ने बदला लिया, जो स्वाभाविक है। सनातन संस्कृति में वृक्षों को भगवान का दर्जा दिया गया है। धार्मिक कार्यों में संकल्प के दौरान 'वनस्पतयः शांतिः' का उल्लेख किया गया है। यानी वनस्पतियों की रक्षा करनी चाहिए। सहस्त्रार्जुन राजा होकर हिंसा पर उतारू हो गया, जबकि महाभारत के शांति पर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर से कहा भी है कि लोकहित में ऋषि अपने ज्ञान एवं तपोबल तथा राजा अपने बाहुबल से प्रजा को सुख, शांति तथा उल्लास प्रदान करे।

चाणक्य भी इसी तरह की व्यवस्था के हिमायती थे। इसमें जो भी अपने दायित्व से विचलित होता है, वह दंड का भागीदार होता है। इन्हीं कारणों से परशुराम क्रोधी स्वभाव के हो गए। जब सीता स्वयंवर में शिव का धनुष टूटने पर परशुराम ने क्रोध किया, तो लक्ष्मणजी ने 'लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल, जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं बिस्व प्रतिकूल' रामचरितमानस के दोहे में गोस्वामी तुलसीदास ने क्रोध को अनुचित बताया है।

यह क्रोध करने वाले के तन-मन पर बुरा प्रभाव डालता है। यदि जीवन में किसी ने कुछ अहित कर दिया, तो उसको भुलाने की सलाह दी जाती है। अंततः परशुराम जी का जब सामना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ, तो परशुरामजी ने अपना क्रोध त्याग दिया। जिन कारणों से शारीरिक एवं मानसिक आघात पहुंचे, उधर ध्यान ही नहीं देना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मर्द जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है!

मर्द रोता नहीं और जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है। यह वाक्य केवल एक संवाद नहीं है; यह एक सामाजिक प्रशिक्षण का सार है। लड़कों को बचपन से जिस ढंग से गढ़ा जाता है, वही आगे चलकर उनकी भावनात्मक दुनिया, व्यवहार और उनके आत्मबोध को आकार देता है।



घर में जब छोटा लड़का गिरकर रोता है तो अक्सर उसे कहा जाता है 'चुप हो जाओ, लड़के रोते नहीं।' स्कूल में उसे सिखाया जाता है कि वह मजबूत बने, प्रतियोगिता जीते, हार को छिपाए। खेल के मैदान में उसे दर्द सहने की आदत डालने को कहा जाता है। किशोरावस्था में उसे यह संकेत मिलता है कि संवेदनशीलता आकर्षक नहीं, सफलता और नियंत्रण ही सम्मान दिलाते हैं। यह सब मिलकर एक भावनात्मक अनुशासन बनाता है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की पहचान का हिस्सा बन जाता है।

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि प्रारंभिक समाजीकरण व्यक्ति की भावनात्मक शब्दावली को प्रभावित करता है। यदि बचपन में भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति सीमित हो, तो वयस्क होने पर व्यक्ति उन्हें पहचानने और साझा करने में कठिनाई महसूस करता है। यही कारण है कि अनेक पुरुष अपनी बेचैनी, तनाव या अवसाद को स्पष्ट रूप से पहचान नहीं पाते।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि वयस्क आबादी में अवसाद और चिंता विकार व्यापक हैं। पुरुषों में पदार्थ-निर्भरता और शराब उपयोग विकार की दर महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है, जबकि उपचार तक पहुंचने वाले पुरुषों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है। यह अंतर केवल चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता का नहीं, बल्कि सामाजिक धारणाओं का भी परिणाम है, जहां सहायता मांगना अक्सर कमजोरी माना जाता है।

वैश्विक स्तर पर भी यही पैटर्न दिखाई देता है। अनेक देशों में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कम करते हैं, जबकि जोखिमपूर्ण व्यवहार अधिक देखा जाता है।

समाज पुरुष से यह अपेक्षा करता है कि वह आत्मनिर्भर, स्थिर और भावनात्मक रूप से अडिग रहे। इसी अपेक्षा के कारण सहायता मांगना कई बार उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध प्रतीत होता है।

भारतीय संदर्भ में यह अपेक्षा और जटिल हो जाती है। परिवार संरचना में पुरुष को अक्सर आर्थिक स्तंभ के रूप में देखा जाता है। कमाई, स्थिरता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसकी पहचान का हिस्सा बन जाती है। यदि रोजगार अस्थिर हो, आय घटे या आर्थिक दबाव बढ़े, तो संकट केवल आर्थिक नहीं रहता, वह आत्मबोध का संकट बन जाता है।

ग्रामीण भारत में यह दबाव कृषि अस्थिरता, ऋण और बाज़ार जोखिम से जुड़ता है, जबकि शहरी संदर्भ में प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति, अस्थायी रोजगार और लगातार तुलना इसे और तीव्र बना देती है। दोनों ही स्थितियों में पुरुष का आत्ममूल्य उपलब्धियों से बंध जाता है, और भावनात्मक जीवन पीछे छूट जाता है, लेकिन यह केवल अर्थव्यवस्था का प्रश्न नहीं है; यह उस सांस्कृतिक मस्कुलैरिटी का प्रश्न है, जिसे समाज पीढ़ियों से निर्मित करता आया है। अकादमिक रूप से इसे 'हेजेमोनिक मस्कुलिनिटी' कहा जाता है, जिसमें शक्ति, नियंत्रण और भावनात्मक कठोरता को आदर्श पुरुषत्व माना जाता है।

समाज एक आदर्श पुरुष छवि निर्मित करता है। मजबूत शरीर, नियंत्रित भावनाएं और कमज़ोरी का अभाव। फिल्मों, खेल, विज्ञापनों और अब डिजिटल मीडिया में यह छवि लगातार दोहराई जाती है। धीरे-धीरे यह छवि केवल आदर्श नहीं रहती, बल्कि सामाजिक मानक बन जाती है। यहीं से मर्दानगी का निर्माण शुरू होता है। घर की भाषा से, जहां आंसू को शर्म से जोड़ा जाता है; स्कूल की संस्कृति से, जहां लड़कों को कठोरता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और साथियों के व्यवहार से, जहां संवेदनशीलता को उपहास का विषय बनाया जा सकता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि पर 'रश्मिरथी पर्व' 24 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी लखनऊ में 24 से 26 अप्रैल तक राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'रश्मिरथी पर्व' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। शनिवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रकवि दिनकर स्मृति न्यास, नई दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक कार्य विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है। 24 अप्रैल को दिनकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस दिन 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका का लोकार्पण और दानवीर कर्ण के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

### कन्या सुमंगला योजना से 27 लाख से अधिक बालिकाएं लाभान्वित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार की 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' प्रभावी साबित हो रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत अब तक 27 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ मिल चुका है। साल 2019 में शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक 674 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जा चुकी है। योजना के तहत बालिका को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनके भविष्य को मजबूत आधार मिल रहा है। योजना का संचालन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। पीएफएमएस के जरिए धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना नहीं रहती। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलता है जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक है और अधिकतम दो बालिकाएं ही पात्र होती हैं। योजना के तहत जन्म पर 5 हजार, टीकाकरण पर 2 हजार, कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश पर क्रमशः 3-3 हजार और 5 हजार रुपये तथा उच्च शिक्षा में प्रवेश पर 7 हजार रुपये की सहायता दी जाती है।

### महिला आरक्षण बिल पर भाजपा की बदनीयत की हार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जनता के बढ़ते विरोध और



आक्रोश से ध्यान हटाने के लिए साजिशन लाए गए 'महिला आरक्षण बिल' की हार भाजपा की हार है। ये भाजपा की बदनीयत की भी हार है। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा का हर प्रयास, हर बिल या तो कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए होता है या समाज को बांटने का छल-छलावा होता है। इस बार भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी, लेकिन विपक्ष की एकता ने भाजपाई मंसूबों को धूल चटा दी। ये भाजपा के खिलाफ देश की सक्रिय हो चुकी जन चेतना की जीत है, जिसका प्रतिनिधित्व देश का विपक्ष कर रहा है। भाजपा ने सरकार में बने रहने का नैतिक आधार खो दिया है। कहा कि जो लोग परिवार को नकारते हैं, वे लोग दूसरी तरह से परिवार की धुरी मतलब महिला को नकारते हैं।

# योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, बंगाल की सड़कों पर गूंजे जय श्रीराम के नारे

## मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट, लोगों ने घरों की छत पर खड़े होकर किया जोरदार स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांकुड़ा



पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करते मुख्यमंत्री योगी।



मुख्यमंत्री योगी को देखने के लिए सड़कों पर उमड़ा लोगों का हुजूम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। 'बुलडोजर बाबा' के नाम से चर्चित सीएम योगी को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। पूरे रोड शो के दौरान 'देखो-देखो कौन आया, शेर आया' और 'जय श्रीराम' के नारे गूंजते रहे।

सीएम योगी ने शनिवार को बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के समर्थन में जनसमर्थन मांगा। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'योगी-योगी' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। रोड शो के दौरान सीएम योगी ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा को समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में जनता का आभार जताते हुए कहा कि बंगाल का उत्साह बदलाव का संकेत दे रहा है।

सीएम योगी की एक झलक पाने के लिए महिलाएं और बच्चे घरों की छतों पर खड़े नजर आए। कई लोग मोबाइल से वीडियो और तस्वीरें बनाते दिखे। मुख्यमंत्री ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह को देखते हुए इसे भाजपा के लिए अहम राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# संदिग्ध आतंकियों का मुख्य साथी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

## विदेश में बैठकर सोशल मीडिया पर संचालित कर रहा था नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मैजुल समेत अब तक गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

**अमृत विचार:** आतंकी संगठन आईएसआईएस का देश में नेटवर्क खड़ा करने व देश में हिंसात्मक आंदोलन की साजिश रचने वाले गिरोह के मुख्य सदस्य मैजुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बिजनौर पुलिस ने आरोपी मैजुल को इंदिरागांधी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। मामले में आकिब, मैजुल और आजाद के खिलाफ बिजनौर के नागल थाने में एफआईआर दर्ज है। यूपी एटीएस ने 2 अप्रैल को मेरठ के साकिब, अरबाब और गौतमबुद्धनगर के विकास व लोकेश को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उबैद मलिक, जलाल हैदर और समीर को गिरफ्तार किया गया था। असलहों के साथ वीडियो में दिख रहे आकिब, आजाद और मैजुल विदेश में रह रहे हैं। इन तीनों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मैजुल मूलतः बिजनौर के नांगल स्थित सौफतपुर का रहने वाला है। वह वर्तमान में दक्षिणी अफ्रीका में रहकर सोशल मीडिया के माध्यम से देश में कट्टरपंथी व हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इसके लिए करीबी सदस्य नेटवर्क में देश के कई प्रमुख हिस्सों के युवाओं को जोड़ रहे थे। सभी सोशल मीडिया के माध्यम से देश में विद्रोह कराने की फिराक में थे। एडीजी कानून-व्यवस्था ने बताया कि मैजुल शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा हिरासत में



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी मैजुल।

लेने के बाद सूचना दी गई। नांगल पुलिस के पहुंचने पर अथॉरिटी ने सुपुर्द किया। पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई नवंबर 2025 में नांगल में दर्ज एफआईआर में की गई है। 23 नवंबर 2025 को इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो में आकिब अपने साथियों के साथ लाइव आकर हाथियारों का प्रदर्शन रक रहा था। जिसे मैजुल ने अपनी प्रोफाइल से पोस्ट की थी। जांच में सामने आया कि इस वीडियो में मैजुल, आकिब, आजाद और उवैद मलिक सहित चार लोग शामिल थे। मामले में पुलिस ने पहले ही उवैद मलिक और जलाल हैदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, मैजुल, आकिब और आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में 15 अप्रैल को समीर उर्फ रूहान को भी गिरफ्तार किया गया था। समीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम से जुड़ा है। उसके मोबाइल से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से संबंधित साक्ष्य मिले थे। पुलिस व एटीएस की टीम मैजुल के पास से बरामद मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की जांच शुरू कर दी है। ताकि उससे मिले सुराग के आधार पर अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




पकड़े गए ठगी के दोनों आरोपी।

- एसटीएफ ने कानपुर के नौबस्ता से दबोचा, कई दस्तावेज बरामद

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने शेयर बाजार में निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने और डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के दो सदस्यों को कानपुर के नौबस्ता से शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों के डेबिट और क्रेडिट कार्ड, ब्लैंक चेक, बैंक दस्तावेज, नकदी, दो आईफोन और कई बैंक खातों के लेन-देन से जुड़े स्क्रीनशॉट बरामद किए हैं।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शुधांशु शेखर के मुताबिक पकड़े गये आरोपी पंजाब के फजिल्का स्थित सिटी अबोहर के स्ट्रीट नंबर नई आबादी का करन कसेरा और नई आबादी बड़ी पौड़ी का गुलशन शामिल है। डिप्टी एसपी के मुताबिक कुछ दिनों से यूपी को म्यूल खातों का प्रयोग कर श्रीलंका व ब्रिटेन समेत दर्जनों देशों के नंबर व पहचान का प्रयोग कर टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये गिरोह बनाकर भारतीय नागरिकों को शेयर बाजार में निवेश व डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की जा रही है। जानकारी होने पर टीम ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि यह गिरोह म्यूल खातों का इस्तेमाल कर ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर कर छिपाता था। अब तक इस गिरोह के खिलाफ देशभर में 650 से अधिक ऑनलाइन शिकायतें मिल चुकी हैं और विभिन्न राज्यों में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि दोनों अभियुक्त थाना नौबस्ता, कानपुर नगर में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे।

### सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा में शामिल हुए 19,718 अभ्यर्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या-51) के अंतर्गत 17 विषयों की पुनर्परीक्षा शनिवार को प्रदेश के 53 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न हो गई। इस परीक्षा में कुल 19,718 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 41.35 प्रतिशत महिला और 58.65 प्रतिशत पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग के एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की लाइव निगरानी की गई। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, सचिव, परीक्षा नियंत्रक और उपसचिव की मौजूदगी में एआई कैमरों के जरिए परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।

# परशुरामपुरी का 18 करोड़ रुपये से हो रहा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/शाहजहांपुर

- जुलाई 2026 तक सौंदर्यीकरण पूरा होने की उम्मीद

**अमृत विचार:** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शाहजहांपुर स्थित परशुरामपुरी एक बार फिर श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन गई है। उनकी जन्मस्थली मानी जाने वाली यह पावन भूमि हर वर्ष जयंती पर श्रद्धालुओं से गुलजार हो उठती है।

अब इस ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल को नई पहचान देने के लिए प्रदेश सरकार ने व्यापक विकास कार्य शुरू किए हैं। पर्यटन विभाग की ओर से करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण और कायाकल्प कराया जा रहा है, जिसमें से अब तक 11 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना जुलाई 2026 तक पूरी होने की संभावना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि परशुरामपुरी, जो पहले जोगीखेड़ा और जलालाबाद के नाम से जानी जाती थी, अब अपनी मूल पहचान में लौट रही है। परियोजना के तहत सत्संग भवन, मल्टीपर्पस हॉल, मंदिर मंडप, पार्किंग, डॉरमेट्री, ट्रस्ट कार्यालय और पुजारी कक्ष बनाए जा रहे हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री मोदी 29 को हरदोई से करेंगे लोकार्पण

- मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे 12 जिलों को जोड़ेगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरदोई में किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार यह मेगा परियोजना प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुडापुर दांदू गांव तक जाएगा। इससे पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच तेज, सुरक्षित और सुगम यात्रा संभव होगी। यह एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 जिलों को जोड़ेगा। इससे 500 से अधिक गांवों में आर्थिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है।

गंगा एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे राज्य की स्थिति और मजबूत होगी। बेहतर कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे नए औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। किसानों को अपने उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, वहीं प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होने से पर्यटन को भी गति मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे को प्रदेश के आर्थिक विकास का नया इंजन माना जा रहा है।

# सोलर क्रांति में लखनऊ सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पीएम सूर्य घर योजना

- सूरत को पछाड़कर बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड
- रूफटॉप संयंत्रों की कुल संख्या 87 हजार के पार



**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाते हुए देश में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में चल रहे अभियान और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभाव से यह उपलब्धि संभव हो सकी है।


उप्र. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) के निदेशक इंद्रजीत सिंह के अनुसार, लखनऊ में अब तक 87,000 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जो किसी भी जिले में सबसे अधिक हैं। वहीं 15 अप्रैल तक चालू वित्तीय वर्ष में 3,133 नए संयंत्र लगाए गए हैं, जिससे लखनऊ ने सोलर अपनाने में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। जो कि अभी तक सूरत के नाम था।

विशेषज्ञों के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में इंडक्शन कुकटॉप और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में उपभोक्ता बिजली बिल कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सोलर ऊर्जा की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। रूफटॉप सोलर सिस्टम न केवल दीर्घकालिक बचत दे रहे हैं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी बढ़ा रहे हैं।

# 34 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीक डिमांड 33 हजार मेगावाट पार होने का अनुमान
- सभी थर्मल यूनिट्स चालू, घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 तक होगी शुरू
- बिजली एक्सचेंज के जरिये पूरी की जाएगी अतिरिक्त मांग



**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऊर्जा विभाग ने इस वर्ष पीक (अत्यधिक गर्मी के दौरान) मांग को ध्यान में रखते हुए लगभग 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार की है।

ऊर्जा विभाग के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की मांग में तेजी से वृद्धि होती है। इस वर्ष जून में पीक डिमांड 33,375 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि मई और जुलाई में यह 31 से 32 हजार मेगावाट के बीच रह सकती है। इसे देखते हुए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। घाटमपुर, खुर्जा, पनकी, ओबरा और जवाहरपुर परियोजनाओं से उत्पादन शुरू हो चुका है, जबकि घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक चालू हो जाएगी, जिससे आपूर्ति और मजबूत होगी।

पंकज कुमार (यूपीपीसीएल) के एमडी ने बताया कि पीक आवर्स में करीब 80 प्रतिशत बिजली की मांग पहले से किए गए लांग टर्म एमओयू के जरिए पूरी की जाएगी। वहीं शेष मांग पूरा करने को इंडियन एनर्जी एक्सचेंज, पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान पावर एक्सचेंज जैसे प्लेटफॉर्म से खरीदी जाएगी। इसके अलावा अन्य राज्यों के साथ 4,663 मिलियन यूनिट बिजली की बैंकिंग व्यवस्था भी की गई है, जिससे जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

बढ़ते कदम

'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026' में मुख्यमंत्री योगी का संदेश पढ़ा गया

# 25 हजार करोड़ के एमओयू से डेयरी क्षेत्र को नई ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 हजार से अधिक पशुपालक कार्यक्रम में हुए शामिल



लखनऊ : दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में किए गए एएमयू दिखाते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उप्र. दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026' का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश पढ़कर सुनाया गया, जिसमें दुग्ध विकास को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया गया।

लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में प्रदेशभर से करीब 10 हजार पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और निवेशकों ने भाग लिया, जबकि लाखों लोग वेबकास्टिंग के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में स्वदेशी नस्ल के गोपालन और आधुनिक डेयरी तकनीक पर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की। 'नंद बाबा दुग्ध मिशन' के तहत अब तक 10 हजार से अधिक लाभार्थियों को करीब 84 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए। महोत्सव के दौरान डेयरी क्षेत्र में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 796 एमओयू निष्पादित हुए, जिससे लगभग 60 हजार रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इसके अलावा 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 59 नए एमओयू भी साइन किए गए, जिनसे 13 हजार अतिरिक्त रोजगार मिलेंगे। प्रदेश में 4 हजार से अधिक नई दुग्ध सहकारी समितियों के गठन से करीब 1.5 लाख दुग्ध उत्पादक लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालकों, उद्यमियों व अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

# प्रदेश में 1.03 लाख गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में मिला दाखिला

## आरटीई : नामांकन में लखनऊ अव्वल, दूसरे नंबर पर वाराणसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार की पहल से वर्ष 2026-27 के लिए अब तक 1,03,439 बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया जा चुका है। अभी नामांकन प्रक्रिया जारी है, ऐसे में आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है।

जारी आंकड़ों के अनुसार लखनऊ 7,952 नामांकन के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। इसके बाद वाराणसी (4,957), बुलंदशहर (4,154), बदायूं (3,599), मुरादाबाद (3,246) और आगरा (3,086) प्रमुख हैं। कानपुर नगर (2476), गोरखपुर (2352), अलीगढ़ (2320) और गाजियाबाद (2209) भी टॉप-10 में शामिल हैं।

ऑनलाइन प्रक्रिया से बढ़ी पारदर्शिता : सरकार ने आवेदन और चयन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार जुलाई तक चलने वाली प्रक्रिया में और अधिक बच्चों को जोड़ा जाएगा, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को नई गति मिलेगी।



## आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9% बढ़ा

**मुंबई।** मार्च 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9 .28 प्रतिशत बढ़कर 14,755 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसने 13,502 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 19 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**– तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505
**किराना**– निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0)**– डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12700
**चीनी**– पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना पक्के आभूषण 154000, सोना गिन्नी 150000, चांदी (पक्की) 2520 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### ओला इलेक्ट्रिक का अक्षय तृतीया ऑफर

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने शनिवार को अक्षय तृतीया पर 'ओला सोना वीकेंड' पेशकश की घोषणा की है, जिसके तहत कंपनी अपने वाहन पोर्टफोलियो पर 50,000 रुपये तक के लाभ दे रही है। कंपनी ने बताया कि वह अपने जेन 3 एस1 एक्स (2 किलोवाट-घंटा) और रोडस्टर एक्स (2 .5 किलोवाट-घंटा) को मात्र 49,999 रुपये में उपलब्ध करा रही है।

# 12,980 करोड़ की सॉवरेन गारंटी समुद्री जोखिमों से कवर रहेंगे जहाज

## केंद्र सरकार ने 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है।



● भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा : अश्विनी वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा... यह 10 साल के लिए होगा। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी बीमा कंपनियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और हम विदेशी मुद्रा को बाहर जाने से भी रोक सकेंगे। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा।

बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी। इसके लिए कोष की संयुक्त अंडरराइटिंग क्षमता का उपयोग किया जाएगा, जो लगभग 950 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया कि यह घरेलू बीमा कोष वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अस्थिरता की चुनौतियों से निपटेगा और भारतीय जहाजों की बाहरी बीमा निर्भरता को कम करेगा। वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ गया है।

इसके चलते बीमा लागत बढ़ी है और बीमा की हर वक्त उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हुई है। बयान में कहा गया कि ऐसे हालात में प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनाव के कारण व्यापार की निरंतरता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए समुद्री जोखिम से संबंधित एक घरेलू कोष की आवश्यकता थी।

## उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपये प्रति टन पर आलू खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

## टेमी टी की 'फर्स्ट फ्लश' चाय ने 27,000 रुपये प्रति किलो की कीमत हासिल कर बनाया रिकॉर्ड

**गंगटोक।** सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की 'फर्स्ट फ्लश' ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और ऊलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है। इस कीमत का श्रेय सावधानीपूर्वक की जाने वाली तुड़ाई प्रक्रिया को दिया गया है।

# वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार को सहारा, सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

**कारोबार डेस्क**

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों, मजबूत होते रुपये और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार को सहारा दिया। इन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार में खरीदारी का माहौल बना। सप्ताह के अंत तक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में करीब 0 .65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### सकारात्मक रहा रुख

पूरे सप्ताह बाजार का रुख सकारात्मक रहा। एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में एक से तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। इसके विपरीत, आईटी सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना रहा। व्यापक स्तर पर खरीदारी के चलते विभिन्न सेक्टर्स में मजबूती देखने को मिली।

बड़े सूचकांकों की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में करीब 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में लगभग 1.48 प्रतिशत की तेजी आई। यह बाजार में बढ़ती भागीदारी और निवेशकों के जोखिम लेने के रुझान को दर्शाता है।

### निवेशकों का बदलता रुख

निवेश प्रवाह की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) ने लगातार बिकवाली के बाद सप्ताह के अंतिम तीन सत्रों में खरीदारी की, हालांकि कुल मिलाकर करीब 250 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी रही। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (DII) सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली करते नजर आए और लगभग 6,300 करोड़ रुपये निकाले।

### सतर्क आशावाद

कुल मिलाकर, बेहतर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की नरम कीमतें और संतुलित निवेश प्रवाह ने बाजार में सतर्क आशावाद का माहौल बनाया है। फिलहाल गिरावट का जोखिम सीमित नजर आ रहा है, जबकि धीरे-धीरे तेजी की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं।

### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह बाजार में धीरे-धीरे लेकिन स्थिर रिकवरी देखने को मिली। वैश्विक माहौल में सुधार और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों के सेंटिमेंट को मजबूती दी। हालांकि सतर्कता बनी हुई है, लेकिन गिरावट पर खरीदारी बाजार को सहारा दे रही है।

# तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की ओर से खनिज तेल और गैस के क्षेत्र में डेटा (सूचना) और उसमें भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने के कदमों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत अंधेरे में हाथ मारने की जगह, सूचना आधारित खोज के लिए तैयार है।

उन्होंने समुद्र मंथन - राष्ट्रीय अपतटीय मिशन के तहत विस्तारित उत्खनन एजेंडा के संदर्भ में हाइड्रोकार्बन (खनिज तेल-गैस) महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा आयोजित डेटा संचालित उत्खनन पर एक सम्मेलन को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत अब उत्खनन के क्षेत्र में अंधेरे में खोज करने के दौर से आगे बढ़ रहा है और डेटा के आदान प्रदान के एक साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल को अपना रहा है जिसमें अधिकाधिक लोगों को सूचनाओं की व्याख्या करने, नवाचार करने और खोज करने का अवसर मिलता है।



● डेटा के आदान-प्रदान के लिए अपनाया जा रहा साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल

उन्होंने कहा कि इससे उत्खनन एवं उत्पादन को अनिश्चितता के क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले दृष्टिकोण में निर्णायक रूप से बदलाव आ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि समुद्र मंथन के साथ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज को पूरा करने के लिए खुलेपन, सहयोग और अत्याधुनिक विज्ञान के माध्यम से भारत की विशाल अपतटीय क्षमता को सामने लाया जा रहा है।

## अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी भौतिक और डिजिटल सोने की मांग: विश्लेषक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

# गोल्ड लोन लेने से पहले जान लें जरूरी बातें





**कारोबार डेस्क**

गोल्ड लोन इन दिनों जरूरत पर पैसे जुटाने का एक आसान विकल्प बन गया है। अचानक पैसों की जरूरत पर लोग अपने सोने के गहने बैंक या फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर तुरंत लोन ले लेते हैं। इसकी विशेषता यह है कि आपको पैसे भी मिल जाते हैं और जमा किये गये सोने का स्वामित्व भी आपके पास ही रहता है। फिर भी गोल्ड लोन लेने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए-



### रिस्क भी समझें

- अगर समय पर नहीं चुकाया तो बैंक सोने को नीलाम कर सकता है।
- मार्केट में सोने की कीमत गिरती है तो बैंक एक्स्ट्रा पैसा जमा करने को कह सकता है।
- अधिकतर बैंक 18-24 कैरेट के गहने या प्रमाणित सिक्के ही लेते हैं।
- 3 साल के लिए मिलता है ये लोन।

### कैसे मिलता है गोल्ड लोन

- गोल्ड लोन असल में एक सिक्योर्ड लोन होता है, यानी इसमें आपको अपने सोने को गिरवी रखना पड़ता है।
- इसलिए बैंक या लोन देने वाली कंपनी पहले सोने की शुद्धता, वजन और बाजार में उसकी मौजूदा कीमत को चेक करता है।
- ऐसे में गोल्ड लोन लेने से पहले सोने के मौजूदा दाम के बारे में जानकारी फायदेमंद रहती है। हां कागज के रूप में पते का सबूत काफी होता है।

**आसानी से समझें**

### लोन लेने से पहले चेक करें-

- लोन लेने से पहले बैंक से लोने की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्ज के बारे में भी अच्छे से समझ लेना जरूरी होता है।
- लोन लेने से यह भी तय करना जरूरी है कि आप लोन कैसे चुकाएंगे।
- कुछ लोग हर महीने EMI के रूप में किस्त देना पसंद करते हैं। जबकि, कुछ लोग पूरे समय केवल ब्याज भरते हैं और आखिर में मूल रकम चुका देते हैं। अपनी आय और खर्च के हिसाब से सही ऑप्शन चुनना जरूरी होता है, ताकि समय पर लोन चुकाया जा सके।
- **गोल्ड लोन की सबसे जरूरी बात, यानी गिरवी रखे गये सोने की सुरक्षा** -गिरवी रखे गए सोने को भरोसेमंद बैंक या फाइनेंस कंपनी सुरक्षित वॉल्ट में रखती है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती है। इसलिए हमेशा ऐसी संस्था से ही लोन लेना चाहिए जिसका रिकॉर्ड अच्छा हो।

### समय पर चुकाएं किस्त

- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लिए गये लोन की किस्त समय पर चुकाई जानी चाहिए। ऐसा करने से अतिरिक्त ब्याज या पेनल्टी से बचा जा सकता है। साथ ही आपकी क्रेडिट हिस्ट्री भी अच्छी बनी रहती है और क्रेडिट स्कोर बढ़ता रहता है। सही जानकारी और समझ के साथ लिया गया गोल्ड लोन मुश्किल समय में आपका सच्चा साथी हो सकता है और आपका सोना भी सुरक्षित रहता है।

### ब्याज दरें

- प्रत्येक बैंक या फाइनेंस कंपनी की अपनी ब्याज दरें होती हैं। ये 8 .75% से 11% या उससे अधिक भी तक हो सकती हैं। ऐसे में पहले ही ब्याज और अन्य छिपे हुए चार्जेज की जानकारी कर लें।
- खास बात ये कि लोन आपके सोने के मूल्य का 75% तक ही मिलता है।

### काम की बात

- बार-बार लोन के लिए इंक्वायरी न करें। वरना आपका सिबिल स्कोर गिर जाएगा और आपको अधिक ब्याज पर लोन मिलेगा। बार-बार इंक्वायरी पर सिस्टम को लगता है कि आप केवल कर्ज पर ही निर्भर हैं। ऐसे में समस्या हो सकती है। समझदारी से काम लेंगे तो आपका सोना आपका सच्चा दोस्त बन जाएगा।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हिमंत

**कोलकाता, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार पर राज्य के संसाधनों को बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने शनिवार को कहा कि ममता को सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल को गंवा देंगे।

श्रीशर्मा ने कालिम्पोंग में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि असम और त्रिपुरा की भाजपा सरकारों ने बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत में घुसने से रोका है, जबकि बंगाल में अवैध घुसपैठ जारी है। उन्होंने कहा- ममता बनर्जी ने बंगाल का पूरा खजाना बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के लिए आरक्षित कर दिया है। उन्होंने वोट के लिए इस भूमि को बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दिया। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से बनर्जी ने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।



● असम के मुख्यमंत्री ने कालिम्पोंग में जनसभा में लोगों की अपील

हमें ममता बनर्जी को बंगाल के मुख्यमंत्री पद से हटाना होगा, अन्यथा एक दिन बांग्लादेशी मुसलमान हमसे यह राज्य छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, हम इस क्षेत्र से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने पर गोरखालैंड मुद्दे का संवैधानिक समाधान तलाशेगी और गोरखाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

शर्मा ने कूचबिहार के दिनहाटा में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए इस बात का जिक्र किया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने उन पर बनर्जी के खिलाफ सांप्रदायिक रंग वाली, भड़काऊ और विभाजनकारी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है।

## सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है बंगाल में बोले योगी आदित्यनाथ

**कूच बिहार/जलपाईगुड़ी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर कड़ा प्रहार किया और राज्य की ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए कहा कि "सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यह देश की आधी आबादी का अपमान है और इसे महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी। योगी ने टीएमसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती है और अन्य वर्गों की अनदेखी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर है, उद्योग बंद हो रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा और टीएमसी के गुंडे संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## कोलकाता में हथियार बरामद, एक हिरासत में

**कोलकाता, एजेंसी।** विधानसभा के लिए दो चरणों में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शहर में हथियार और गोली-बारूद का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के कर्मियों ने संदेह के आधार पर राजा बाजार साइंस कॉलेज के पास एक बस स्टैंड के निकट बैग लेकर जा रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से 'सिंगल-शॉट' वाले छह आग्नेयास्त्र और 14 कारतूस बरामद किए गए।

# भाजपा का पतन शुरू हो गया : ममता

● महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक पारित नहीं होने पर चुनावी रैली में बोलीं मुख्यमंत्री

**हावड़ा, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है और केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बने हुए हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव बनाने को लेकर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि वह (भाजपा) देश को बांटना चाहती है। अपनी पार्टी द्वारा महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल की लोकसभा में 36 प्रतिशत और राज्यसभा में 46 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। भाजपा को हमसे सीखना चाहिए। मैं 1998 से महिला आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही हूं।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## बंगाल में पत्रकारों को 5,000 रुपये मासिक भत्ता देंगे: भाजपा

**कोलकाता, एजेंसी।** भाजपा ने शनिवार को घोषणा की कि पार्टी अगर पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो वह राज्य में पत्रकारों के लिए 5,000 रुपये का मासिक भत्ता शुरू करेगी। कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना का लाभ सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलेगा। भट्टाचार्य ने कहा- पत्रकारों में भेदभाव नहीं होगा, यह योजना पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी लोगों पर लागू होगी।

## उदयनिधि ने केंद्र पर लगाया तमिलनाडु को अनुदान नहीं देने का आरोप

**गोबिचेट्टीपलायम, एजेंसी।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य के लिए अनुदान जारी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि उसने तमिलनाडु के अधिकारों को छीन लिया है। पश्चिमी इरोड जिले के गोबिचेट्टीपलायम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की युवा शाखा के प्रमुख स्टालिन ने दावा किया कि केंद्र ने शिक्षा के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं की है। स्टालिन कहा कि उन्होंने (केंद्र सरकार ने) हमारे सभी अधिकार छीन लिए हैं।

केंद्र के परिसीमन प्रस्ताव के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन देश में इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा में विपक्ष के विरोध के कारण बहुमत न मिलने से विधेयक खारिज हो गया, जो ''इंडिया'' गठबंधन के लिए बड़ी जीत है।

## तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर : अभिषेक बनर्जी

**मुर्शिदाबाद, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल के अलावा किसी भी पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर है। मुर्शिदाबाद, ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। उन्होंने फरक्का में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि जहां भाजपा कांग्रेस को तोड़ रही है, वहीं तृणमूल जमीनी स्तर पर भाजपा के प्रभाव को कम कर रही है। बनर्जी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। दावा किया कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस का कोई भी सांसद या प्रतिनिधि जनता की मांगों को पूरा करने के लिए उनके साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और केंद्रीय एजेंसियां, भाजपा की तीन एजेंसियां हैं, जो इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि जहां गरीब और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं विपक्षी दल समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था सऊदी अरब पहुंचा

**जेद्दा।** सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वार्षिक हज यात्रा के तहत भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारतीय हज यात्रियों के पहले जत्थे का मदीना हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और महावाणिज्यदूत फहद सूरी तथा हज मंत्रालय के उप मंत्रियों प्रोफेसर अब्दुलअजीज ए. वज्जान और इंजीनियर अयाद अब्दुल रहमान रहबिनी और अन्य वरिष्ठ सऊदी अधिकारियों ने स्वागत किया। दूतावास ने बताया कि खान ने मदीना हवाई अड्डे पर सुविधाओं का निरीक्षण किया और हज यात्रियों की सहायता कर रहे भारतीय समुदाय के स्वयंसेवकों से मुलाकात की।

### आईआईटी खड़गपुर के परिसर में छात्र का लहूलुहान शव मिला

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) खड़गपुर के 21 वर्षीय एक छात्र का शव परिसर में खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान अहमदाबाद निवासी इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र जयवीर सिंह डोरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी हॉल के निकट सुबह में छात्र का शव पड़ा पाया और इसके बाद उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। छात्र को तुरंत बीसी रॉय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि छात्र ने छात्रावास की इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगाई होगी। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के सटीक कारण का पता चल सकेगा।

### सीबीआई ने रिश्वत ले रहे दिल्ली के डाक अधीक्षक को दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शनिवार को राजधानी में एक डाक अधीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डाक अधीक्षक ट्रांसफर रोकने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। एजेंसी ने बताया कि उसने 17 अप्रैल को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं से दूसरी शाखा में स्थानांतरण को रोकने और उनकी छुट्टी मंजूर करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने इसमें से 10,000 रुपये का भुगतान स्वीकार करने पर सहमति जताई थी। जेंसी ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

## बरेली में दिखा दुर्लभ गिद्ध



**पत्थर से अंडे को तोड़ने वाला पक्षी**

मेहमान परिंदे की यह तस्वीर सन सिटी विस्तार से हमारे एक सुधी पाठक ने भेजी है। ये दुर्लभ पक्षी किशोर अवस्था का इजिप्शियन वल्चर (मिस्री सफेद गिद्ध) है, शुरुआत में जिसके पंख भूरे दिखते हैं और वयस्क होने पर सफेद हो जाते हैं। इसके साथ उन पर काले निशान भी उभर आते हैं, बुद्धिमत्ता के लिए पहचाने जाने वाला यह पक्षी पत्थरों का उपयोग कर बड़े अंडे तोड़ने की क्षमता रखता है, हालांकि अब ये प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने इसे गंभीर संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है। भारत के अलावा दक्षिण एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में ही अब इसकी मौजूदगी शेष रह गई है।

# ऐतिहासिक समझौता: एक-दूसरे की धरती पर तैनात करेंगे 3,000 सैनिक भारत-रूस

**नई दिल्ली/मॉस्को, एजेंसी**

भारत और रूस की दशकों पुरानी सामरिक दोस्ती ने आज एक नया इतिहास रच दिया है। दोनों देशों के बीच बहुप्रतीक्षित पारस्परिक रसद सहायता समझौता अब पूरी तरह से प्रभावी हो गया है।

इस समझौते के लागू होने से भारत और रूस के रक्षा संबंधों में वह गहराई आई है, जो अब तक केवल चुनिंदा देशों के बीच देखी गई थी। यह समझौता रणनीतिक रूप से 12 जनवरी 2026 से ही कानूनी रूप से प्रभावी हो गया था, लेकिन शनिवार को रूस के आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल (pravo.gov.ru) पर इस समझौते के विस्तृत नियमों और तैनाती की सीमाओं को सार्वजनिक किया गया है। इन आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, अब दोनों देश एक-दूसरे की सैन्य सुविधाओं का उपयोग एक नए स्तर पर करेंगे।

### समझौते की ये हैं पांच प्रमुख शर्तें

- **सैनिकों की संख्या:** भारत और रूस एक-दूसरे की धरती पर किसी भी समय अधिकतम 3,000 सैन्य कर्मियों को तैनात कर सकते हैं।
- **लॉजिस्टिक हब:** भारतीय सेना रूस के आर्कटिक क्षेत्र और व्लादिवोस्तोक जैसे रणनीतिक ठिकानों पर ईंधन भरने और मरम्मत की सुविधा ले सकेगी।
- **नौसैनिक शक्ति:** एक साथ अधिकतम 5 युद्धपोत एक-दूसरे के बंदरगाहों पर मौजूद रह सकते हैं।
- **वायुसेना सहयोग:** समझौते में 10 सैन्य विमानों की एक-दूसरे के एयरबेस पर तैनी की अनुमति।
- **अवधि:** यह समझौता 5 वर्षों के लिए है, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है।

### चीन और पाकिस्तान की बढ़ी चिंता

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता सीधे तौर पर चीन और पाकिस्तान के लिए एक बड़ा कूटनीतिक संदेश है। रूस के साथ इस स्तर के सैन्य सहयोग से भारत की पकड़ अब हिंद महासागर से लेकर आर्कटिक और प्रशांत महासागर तक मजबूत हो गई है। खास तौर पर भारत के पास मौजूद रूसी मूल के हथियारों जैसे एस-400 मिसाइल डिफेंस और सुखोई जेट्स) के रखरखाव के लिए अब रूस से तकनीकी सहायता और स्पेयर पार्ट्स मिलना बहुत आसान हो जाएगा।

# ट्रंप की बयानबाजी ने बिगाड़ा खेल, ईरान का तंज- न युद्ध जीत पाए, न वार्ता में सफल होंगे

## गालिबाफ ने लगाया एक घंटे में सात झूठ बोलने का आरोप, बोले- होर्मुज हमारे पूर्ण नियंत्रण में

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी और दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर नियंत्रण पूरी तरह उसके हाथ में है और अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहने पर इसे खुला नहीं रखा जाएगा। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़िर गालिबाफ़ ने ट्रंप के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक घंटे में सात दावे किए और सभी झूठे थे। इन झूठों से वे युद्ध नहीं जीत पाए और बातचीत में भी सफल नहीं होंगे।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर दावा किया था कि ईरान ने जलडमरूमध्य को कभी बंद न करने पर सहमति जताई है और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी जब तक ईरान के साथ उसकी बातचीत पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने यह भी कहा था कि युद्धविराम वार्ता तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। गालिबाफ ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि जलडमरूमध्य से आवाजाही निर्धारित मार्ग और ईरानी अनुमति के तहत ही होगी तथा इसके खुले या बंद रहने का फैसला जमीनी हालात तय करेंगे, न कि सोशल मीडिया। उन्होंने अमेरिका पर सैन्य कार्रवाई के दौरान दुष्प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया युद्ध और जनमत को प्रभावित करना युद्ध का हिस्सा है, लेकिन ईरानी राष्ट्र इससे प्रभावित नहीं होगा। इस बीच ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी का हवाला देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को एक बार फिर बंद कर दिया है।

ईरानी सशस्त्र बलों ने कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण अपनी पूर्व स्थिति में लौट आया है और यह अब सख्त निगरानी में रहेगा। ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि पूर्व में सद्भावना के तहत हुई वार्ताओं के अनुसार ईरान ने सीमित संख्या में तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी थी। उन्होंने अमेरिका पर समुद्री डकैती और लूट जैसे कृत्यों का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन के कारण ईरान ने फिर से कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है।



इजराइल-लेबनान में संघर्षविराम के बाद यहां से विस्थापित हुए लोगों ने लौटना शुरू कर दिया है।

### ईरान ने होर्मुज में हमारे टैंकर पर गोलीबारी की: ब्रिटेन

**काहिरा।** ब्रिटेन की सेना ने शनिवार को कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान की ओर से होर्मुज पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

### ट्रंप का एलान- ईरान ने समझौता न किया तो आगे नहीं बढ़ाएंगे संघर्ष विराम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ बातचीत से बुधवार तक कोई समझौता नहीं हो पाता है तो वह दोनों देशों के बीच जारी अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ट्रंप के इस बयान ने फिर से सैन्य कार्रवाई की आशंका पैदा कर दी है। रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शांति वार्ता के दूसरे दौर की बैठक में शामिल होने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि दोनों पक्ष समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस बीच लेबनान में चल रहे 10 दिवसीय संघर्ष विराम के पहले 24 घंटे काफी हद तक प्रभावी रहे।

### ईरान से लौटे आसिम मुनीर

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने की कोशिशों के तहत पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ईरान की तीन दिवसीय यात्रा समाप्त हो गई है। मुनीर बुधवार को तेहरान पहुंचे और आठ अप्रैल को ईरान एवं अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने के बाद देश का दौरा करने वाले वह पहले विदेशी सैन्य नेता बन गए।

# घर और पार्टी में भी घिरे ट्रंप रिपब्लिकन सांसदों ने गिराया फिसा नवीनीकरण बिल

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि पार्टी में ट्रंप के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसदों ने उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई थी।

व्हाइट हाउस की भरसक कोशिशों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थायी विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रंप, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे।

जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रंप के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थायी सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें।



- 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर किया मतदान
- व्हाइट हाउस के पूरा जोर लगाने के बाद भी नहीं पारित हो पाया विधेयक

### धारा 702 पर विवाद

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

## एआई करता है डेटा का विश्लेषण

# आपका जीवन कितने दिन क्रेडिट कार्ड को सब पता




लोग जरूर यही सोचते होंगे कि क्रेडिट या डेबिट कार्ड सिर्फ पैसे चुकाने का एक जरिया है, लेकिन डेटा की दुनिया में आपका कार्ड आपके व्यक्तित्व का सबसे बड़ा एक्स रे है। आप कहां खाते हैं, क्या पहनते हैं और कब बीमार पड़ते हैं, यह सब आपके कार्ड को पता है। यहां तक कि कुछ बीमा कंपनियां और बैंक आपके कार्ड के डेटा से यह तक अंदाजा लगा लेते हैं कि आपकी सेहत कैसी रहेगी और आप कितने साल तक जीवित रह सकते हैं।

### कैसे होता है यह सबकुछ

- एआई आपके पिछले 12 महीनों के खर्च को देखकर यह बता सकता है कि आप अगले महीने कौन सा बड़ा खर्चा करने वाले हैं।
- आप मॉल में कार्ड स्वाइप करते हैं तो डेटा केवल पैसों का नहीं जाता। आपकी लाइफस्टाइल लोकेशन का मैप भी बन जाता है।
- इसके जरिए बैंक को पता होता है कि आप हफ्ते में कितनी बार बाहर खाना खाते हैं और किस तरह के ब्रांड्स आपको पसंद हैं।
- बैंक आपका डेटा मार्केटिंग कंपनियों को बेचते हैं, आपको उन चीजों के मेल आने लगते हैं जिन्हें आपने कभी सर्च भी नहीं किया।




### ऐसे खुलती हैं आपके व्यक्तित्व की परतें

- अगर आप अचानक बहुत ज्यादा सेल्फ हेल्प किताबें खरीदने लगें या जिम की मेंबरशिप छोड़ दें तो बैंक का एआई समझ जाता है कि आप शायद मानसिक तनाव या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। इससे आपका क्रेडिट स्कोर प्रभावित हो सकता है, भले आपने बिल समय पर भरा हो।
- हर ट्रांजैक्शन के साथ एक कोड जुड़ा होता है। अगर आप अक्सर फास्ट फूड आउटलेट्स पर अपना कार्ड ज्यादा स्वाइप करते हैं तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां आपको हाई रिस्क श्रेणी में डाल सकती हैं, क्योंकि आपका डेटा उन्हें बताता है कि आपकी डाइट सेहत के लिए खराब है।
- आपके कार्ड में वाईफाई जैसा निशान सुविधा तो है लेकिन खतरा भी। जेबकतरे आपके बिना कार्ड छुए पास से गुजरकर आपके कार्ड की जानकारी चुरा सकते हैं। इसी तरह जब आप किसी स्टोर का को ब्रांडेड कार्ड लेते हैं तो उसे आपके बैंकिंग पैटर्न की अनुमति मिल जाती है।

### कब होगा तलाक, ये भी पता

अमेरिका में हुई एक स्टडी के अनुसार, क्रेडिट कार्ड कंपनियों ने डेटा के जरिए 85% सटीकता से यह पता लगा लिया था कि किन दंपतियों का तलाक होने वाला है। आधार सिर्फ यह था कि उन दंपतियों ने मैरिज काउंसलिंग या नए अपार्टमेंट के डिपॉजिट के लिए कार्ड स्वाइप करना शुरू कर दिया था। आपका कार्ड आपके रिश्तों के बारे में भी जानता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- ऐसा बटुआ खरीदें जिसमें आरएफआईडी प्रोटेक्शन हो। यह बाहर से आने वाली रेडियो तरंगें ब्लॉक कर देता है ताकि कोई आपके कार्ड को बिना छुए स्कैन न कर सके।
- अपने बैंक एप में जाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट के ऑप्शन को हमेशा बंद रखें। कोई जरूरत पड़ने पर ही उसे ऑन करें, वह भी सिर्फ दो मिनट के लिए।
- हर महीने अपना बैंक स्टेटमेंट जरूर चेक करें। अक्सर छोटे-छोटे पचास पैसे या एक रुपये के ट्रांजेक्शन होते हैं जो बॉट्स चेक करने के लिए करते हैं कि कार्ड एक्टिव है या नहीं।
- दवाओं और डॉक्टर की फीस जैसी बहुत ज्यादा निजी खरीदारी के लिए नकद का इस्तेमाल करना बेहतर रहेगा। यह आपकी मेडिकल प्राइवेसी को एआई की नजरों से दूर रखेगा।

# छत्तीसगढ़: धर्मांतरण कराने पर 20 साल तक की सजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जबरन, प्रलोभन या भय के माध्यम से किए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 अब कानून बन गया है। राज्यपाल रमेन डेका की ओर से हस्ताक्षर किए जाने के बाद अधिनियम को राजपत्र में प्रकाशित कर शनिवार को लागू कर दिया गया। इसमें 20 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

- विधानसभा में पारित हुआ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026

विधानसभा में यह विधेयक 19 मार्च को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत किया था, जिसे विस्तृत चर्चा के बाद पारित किया गया। इसमें विवाह को धर्मांतरण का आधार नहीं माना गया है और विवाह के बाद भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन आवश्यक होगा। अवैध धर्मांतरण के सामान्य मामलों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना तय किया गया है। महिलाओं, एससी-एसटी, नाबालिगों जैसे विशेष वर्ग के मामलों में 10 से 20 वर्ष कारावास और न्यूनतम 10 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित है। सामूहिक धर्मांतरण में 10 वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। लोक सेवक द्वारा अपराध करने पर 10 से 20 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना, जबकि धन के माध्यम से धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 वर्ष कारावास और 20 लाख रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवारजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृष** – आज बड़े निवेश के निर्णय सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे।

**मिथुन** – आज नए और लाभकारी संपर्क बनेंगे। व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। शाम तक सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे प्रगति होगी। आर्थिक दृष्टि से स्थिति सामान्य रहेगी। मानसिक शांति के लिए ध्यान करें।

**सिंह** – आज कार्यों में सफलता निश्चित है। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज दिन भर व्यस्तता रहेगी। आपकी योजना सफलतापूर्वक कार्यान्वित होगी। कार्यक्षेत्र में प्रयासों को मान्यता मिलेगी।

**तुला** – आज आर्थिक दृष्टि से मजबूत स्थिति बनेगी। नए अवसरों से परिपूर्ण दिन है। महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज शाम तक स्थिति में सुधार होगा। लाभ के संकेत मिलेंगे। कार्यों में प्रारंभिक रुकावट आ सकती है।

**धनु** – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ समय है। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज कार्य निर्धारित समय पर पूरे होंगे। योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित होंगी। धैर्य से सभी कार्य सिद्ध होंगे।

**कुंभ** – आज अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। समाज सेवा में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। व्यापार को लेकर अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे।

**मीन** – आज लंबी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिए। प्रबंधन संबंधी कार्यों में परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

# लेबनान में शांति सेना पर हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई, तीन घायल हो गए।

मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

**संबोधन** | कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ के कार्यक्रम में बोले न्यायमूर्ति सूर्यकांत

# एआई से घबराएं नहीं, सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें : सीजेआई

**बेंगलुरु, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एआई से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं। ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा, जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।




### मूल पहचान को खोए बिना खुद को बदलना होगा

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने ऐसी प्रणालियों द्वारा उत्पन्न होने वाली अशुद्धियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल में एआई मंचों द्वारा मनगढ़ंत मिसालें, गलत उद्धरण और पूरी तरह से काल्पनिक कानूनी प्रस्ताव तैयार किए जाने के उदाहरण सामने आए हैं। ये भ्रामक जानकारी मामूली तकनीकी खामियां नहीं हैं। ये न्यायिक प्रक्रिया की बुनियाद पर प्रहार करती हैं, जो सटीकता, प्रामाणिकता और विश्वास पर टिकी है। अगर इन्हें रोका न गया तो ये गुमराह कर सकती हैं, कानूनी दलीलों को तोड़मरोड़ सकती हैं और परिणामों को गलत दिशा दे सकती हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति:** 19 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 10.49 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-भरणी 07.10 तक तत्पश्चात कृत्तिका 20 अप्रैल 04.35 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू - 123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |

### सुडोकू -124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | | | 3 | | | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | 4 | | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | 1 | 7 | | |
| | 4 | | | 8 | | | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |



> जब मुझे आना पड़ा तो उस समय मैं तैयार ही नहीं था। पावरप्ले के आखिरी दो ओवर में मैं शॉट्स खेलने की कोशिश कर सकता था। केएल के पास अधिकतर स्ट्राइक रही और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए जिससे मोमेंटम हमारे साथ रहा। मैंने सोचा कि यदि वह अच्छा खेल रहे हैं तो मैं उन्हें स्ट्राइक देता रहूं।
> –ट्रिस्टन स्टब्स


# स्टेडियम

बरेली, रविवार, 19 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026
### आज के मुकाबले

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
पंजाब किंग्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल
गुजरात–251 रन
- विराट कोहली
बेंगलुरु–247 रन

### पर्पल कैप

- अंशुल कंबोज
चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार
बेंगलुरु– 10 विकेट





डेविड मिलर।

# आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी

## आईपीएल-2026 : एक गेंद रहते दिल्ली कैपिटल्स की रोमांचक जीत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 60) की अर्धशतकीय पारियों और डेविड मिलर की आखिरी ओवर में तूफानी शॉट की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 38 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी के बावजूद कैपिटल्स ने आरसीबी को आठ विकेट पर 175 रन पर रोकने के बाद 19.5 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए राहुल ने 34 गेंद की पारी में दो छक्के और चार चौके लगाए। टीम के 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद उन्होंने स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 69 रन की साझेदारी की। इसके बाद स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल (26 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ 35 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी की। अक्षर चोटिल होने के कारण 16वें ओवर में रिटायर हर्ट हो गए। स्टब्स ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद की नाबाद पारी में एक छक्का और चार चौके जड़े, जबकि डेविड मिलर (नाबाद 22) ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कृणाल पंड्या ने 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। सॉल्ट ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए, लेकिन अक्षर पटेल (18 रन पर दो विकेट), कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (39 रन पर दो विकेट) ने अन्य बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। मुकेश कुमार को भी एक सफलता मिली। सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए विराट कोहली (19) के साथ 31 गेंद में 52 रन और दूसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल (18) के साथ 29 गेंद में 47 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन 11वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (17 गेंद में 26 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को भुवनेश्वर कुमार ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन झटके दिए। उन्होंने पहले ओवर में ही पथुम निसांका (एक) को पगबाधा आउट किया और तीसरे ओवर में करुण नायर (पांच) और समीर रिजवी (दो) को पवेलियन भेजा।

राहुल ने दूसरे छोर से जोश हेजलवुड का स्वागत छक्के से किया और चौथे ओवर में रसिक सलाम के खिलाफ मिड-ऑफ के ऊपर से शानदार चौका जड़ा। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बावजूद पांचवें ओवर में हेजलवुड के खिलाफ स्क्वायर लेग के ऊपर से छक्का लगाया और लगातार गेंदों पर चौके जड़कर दबाव को टीम पर हावी नहीं होने दिया। पावरप्ले में दिल्ली ने तीन विकेट पर 50 रन बना लिए। स्टब्स संभलकर बल्लेबाजी कर रहे थे, जबकि राहुल ने सुयश शर्मा के खिलाफ तीन चौके लगाकर रन गति को बनाए रखा और 30 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
**175/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का स्टब्स बो कुलदीप | 63 |
| विराट कोहली का निसंका बो एनगिडी | 19 |
| देवदत्त पडिक्कल का मिलर बो अक्षर | 18 |
| रजत पाटीदार का राहुल बो मुकेश | 08 |
| टिम डेविड का नटराजन बो अक्षर | 26 |
| जितेश शर्मा का मिलर बो एनगिडी | 14 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा कुलदीप | 01 |
| कृणाल पंड्या रन आउट | 12 |
| रसिक सलाम नाबाद | 00 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त :** 11, **विकेट पर :** 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131, 5–146 6–149,7–172

कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर : 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131 , 5–146 6–149,7–172 गेंदबाजी : नबी 3–0–36–0, मुकेश 4–0–32–1, एनगिडी 4–0–39–2 , कुलदीप 4–0–32–2, नटराजन 2–0–16–0, अक्षर 3–0–18–2

### दिल्ली कैपिटल्स
**179/4** (19. 5 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका पगबाधा भुवनेश्वर | 01 |
| लोकेश राहुल का कोहली बो कृणाल | 57 |
| करुण नायर का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 05 |
| समीर रिजवी का जितेश बों भुवनेश्वर | 02 |
| ट्रिस्ट्रन स्टब्स नाबाद | 60 |
| अक्षर पटेल रिटायर हर्ट | 26 |
| डेविड मिलर नाबाद | 22 |

**अतिरिक्त :** 06, **विकेट पतन :** 1–2, 2–16, 3–18, 4–87, 4–134 (अक्षर रिटायर्ड हर्ट) , गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4–0–26–3, हेजलवुड 4–0–38–0, सलाम 4–0–40–0, कृणाल 4–0–24–1, सुयश 3–0–31–0, शेफर्ड 0 .5–0–17–0

**57** रनों की पारी में दिल्ली के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए

**03** विकेट भुवनेश्वर ने लिए उन्होंने गेंदबाजी के दौरान किसी को खुलकर खेलने नहीं दिया

# लखनऊ के सामने अजेय पंजाब की चुनौती

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां आईपीएल मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ऋषभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है।

टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट 1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और लक्ष्य-पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है।

अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत महज तीन गेंद खेलने के बाद दर्द से कराहते हुए रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वह हालांकि बाद में बल्लेबाजी के लिए लौटे, लेकिन उस समय उनकी कोहनी पर पट्टी लगी हुई थी। ऐसे में रविवार के मैच में उनकी उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला एकतरफा रहा। मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी के संघर्ष के बावजूद एलएसजी की टीम केवल 146 रन ही बना सकी थी। लखनऊ की बल्लेबाजी अब तक लय में नहीं दिखी है और टीम इस सत्र में अभी तक 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 6 | 0 | 5 | 1 | 1 | -1.149 |

### केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स

**कोलकाता।** शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया।

# सीएसके को हराकर हैदराबाद अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा

**हैदराबाद, एजेंसी**




चेन्नई सुपर किंग्स के सरफराज खान को आउट करने के बाद जश्न मनाते सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा। एजेंसी

अभिषेक शर्मा (59) और हेनरिक क्लासेन (59) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को आईपीएल-2026 के 27वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 10 रनों से हराया। यह टूर्नामेंट में सनराइजर्स हैदराबाद की तीसरी है और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने दूसरे ही ओवर में संजू सैमसन (सात) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे के लिए 51 रनों की साझेदारी हुई। पांचवें ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने आयुष म्हात्रे 13 गेंदों में (30) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ईशान मलिंगा ने ऋतुराज गायकवाड़ (19) को अपना शिकार बना लिया। मैथ्यू शॉट और सरफराज खान ने कुछ देर संघर्ष किया। मैथ्यू शॉट 30 गेंदों में (34) और सरफराज खान 19 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे (21) को साकिब हुसैन ने आउट किया। प्रफुल्ल हिंगे ने आखिरी ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए एक विकेट झटका।

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 184 रन ही बना सकी और मुकाबला 10 रनों से हार गई। अंशुल कम्बोज 13 रन बनाकर नाबाद रहे। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इशान मलिंगा ने तीन विकेट लिये। नीतीश कुमार रेड्डी को दो विकेट मिले। प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़ कर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। छठें ओवर में मुकेश चौधरी ने ट्रेविस हेड को आउट कर चेन्नई सुपर किंग्स को पहली सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 20 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 23 रन बनाये। इसी ओवर में चौधरी ने कप्तान इशान किशान को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।





स्व. श्री राम कुमार अग्रवाल सर्राफ स्व. श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल

राम कुमार अग्रवाल सर्राफ के स्वर्णिम 100 वर्ष

पिछले 100 वर्षों से हम अपने ग्राहकों को शुद्धता, विश्वास और उत्कृष्ट कारीगरी प्रदान करते आ रहे हैं।

आज चौपुला रोड स्थित हमारा प्रतिष्ठान इसी परंपरा को आधुनिक डिजाइनों और विस्तृत रेंज के साथ आगे बढ़ा रहा है।



पुनीत कुमार अग्रवाल




अक्षय तृतीया महोत्सव

Till 20th April 2026

1% MAKING CHARGES*

ON SELECTED STOCK



RAM KUMAR SARAF CHAUPLA ROAD

BAREILLY | CALL : 83940 79574, 87552 63874

www.ramkumarsarraf.in